

दैनिक

# पुष्पांजलि टुडे

MPHIN/2021/83938




नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 198 | ग्वालियर मंगलवार, 09 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## किसी को डरने की जरूरत नहीं, मणिपुर हिंसा पर अमित शाह ने की शांति की अपील

**अमित शाह ने बातचीत के दौरान भरोसा दिया कि मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने से पहले राज्य सरकार सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करेगी. इसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, अदालत ने एक आदेश पारित किया है. इस पर सभी संबंधित हितधारकों के साथ चर्चा की जाएगी और मणिपुर सरकार परामर्श के बाद उचित निर्णय लेगी. किसी व्यक्ति या समूह को डरने की जरूरत नहीं है.**

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा के बाद कई जिलों में जारी कर्फ्यू के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (8 मई) को कहा कि राज्य में स्थिति नियंत्रण में है. उन्होंने राज्य के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की. मैतेई समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग के खिलाफ 3 मई को राज्य में आदिवासी आंदोलन के बाद हिंसा भड़क उठी थी. अमित शाह ने इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान भरोसा दिया कि मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने से पहले राज्य सरकार सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करेगी. इसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, अदालत ने एक आदेश पारित किया है. इस पर सभी संबंधित हितधारकों के साथ चर्चा की जाएगी और मणिपुर सरकार परामर्श के बाद उचित निर्णय



लेगी. किसी व्यक्ति या समूह को डरने की जरूरत नहीं है.

3 मई को कुकी आदिवासी समुदाय ने एक विरोध मार्च का आयोजन किया था. यह मार्च हाई कोर्ट के उस आदेश के विरोध में था जिसमें राज्य सरकार को बहुसंख्यक हिंदू मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के संबंध में केंद्र को सिफारिश भेजने को कहा गया था. मार्च के बाद हिंसा भड़क गई थी, जिसमें गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय के लोगों के साथ झड़प हुई थी. हिंसा में अब तक 50 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोगों को हिंसाग्रस्त इलाकों से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा था. 23000 से अधिक विस्थापित वर्तमान में सेना के शिविरों में शरण लिए हुए हैं. राज्य में हिंसा भड़कने के बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया था. इसके साथ ही सेना और अर्द्धसैनिक बलों को मैदान में उतारा गया था. मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को सभी पार्टियों की बैठक की थी. बैठक के बाद उन्होंने देर रात कहा था कि कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार आया है. इसके साथ ही उन्होंने कर्फ्यू में ढील दिए जाने की बात भी कही थी.

## न्यूज ट्रैक

### जब तक किसी की मौत की सजा पर अमल नहीं हो रहा हो, न आएं सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार (8 मई) को भारत के मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में एक दिलचस्प वाकया हुआ. जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील से कह दिया कि जब तक मौत की सजा पर अमल न हो रहा हो, सुप्रीम कोर्ट न आएं. सीजेआई चंद्रचूड़ को यहां तक कहना पड़ गया कि हमारी स्थिति समझने की कोशिश कीजिए. दरअसल, कोर्ट में गर्मियों की छुट्टियां होने वाली हैं. ऐसे में एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश से एक मामले की सुनवाई के लिए छुट्टियों से पहले की तारीख की मांग की. इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कोर्ट में जजों की कमी और टाइमिंग का हवाला देते हुए कहा कि जब तक मौत की सजा पर अमल न हो रहा हो, हम इस समय केस नहीं सुन सकते. सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकील से कहा, प्लीज, हमारी स्थिति समझने की कोशिश कीजिए. दो जज रिटायर हो रहे हैं. ये आखिरी सप्ताह है. जब तक किसी की मौत की सजा पर अमल न हो रहा हो, हम आखिरी सप्ताह में इसे नहीं सुन सकते. जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, मैं बार से ये कहना चाहता हूं आज हमारे पास 237 मामले सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं. मैं अनुरोध करता हूं कि आप तभी किसी मामले को उल्लेख करें जब कोई बड़ी इमरजेंसी हो. मुख्य न्यायाधीश के अलावा एक दूसरे जज जस्टिस पीएस नरसिम्हा के सामने भी ऐसा ही मामला आया. एक वकील के तारीख विशेष पर मामले का उल्लेख करने पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, चीफ जस्टिस पहले ही इशारा कर चुके हैं कि नए मामले आखिरी सप्ताह में आएंगे. अगर आप आखिरी सप्ताह में कोई खास डेट चाहते हैं तो कोर्ट मास्टर से बात कीजिए. इस तरीके से हम काम नहीं कर पाएंगे. जस्टिस चंद्रचूड़ ने कुछ दिन पहले एक अंग्रेजी चैनल के कार्यक्रम में बताया था कि देश के सुप्रीम कोर्ट के जज साल भर में 200 दिन (लगभग साढ़े 6 महीने) काम करते हैं. सीजेआई ने शीर्ष अदालत में लंबी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का बचाव करते हुए कहा था कि अमेरिकी की सुप्रीम कोर्ट में जज सिर्फ 80 दिन काम होता है. ऑस्ट्रेलिया की सुप्रीम कोर्ट में भी 100 से कम दिन ही काम होता है. वहीं, ब्रिटेन और सिंगापुर की सुप्रीम कोर्ट में 145 दिन काम होता है.


### मिग-21 को क्यों कहा जाता है फ्लाइंग कॉफिन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का मिग-21 विमान सोमवार (8 मई) की सुबह राजस्थान के हनुमानगढ़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी. पायलट ने पैराशूट की मदद से विमान से कूदकर अपनी जान बचाई. बताया जा रहा है कि मिग-21 के इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है. मिग-21 रूस के मिकोयान-गुरेविच कंपनी द्वारा डिजाइन किया गया है. मिग-21 की एंट्री भारत में साल 1963 के मार्च महीने में हुई और मिग-21 का पहला बैच भारत पहुंचा. इसके बाद साल 1964 में भारतीय वायुसेना ने इस विमान को ऑपरेट किया. भारत की कई अहम लड़ाईयों में मिग-21 का बड़ा योगदान रहा है। साल 1959 में बना मिग-21 अपने समय में सबसे तेज गति से उड़ान भरने वाले पहले सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक था. इसकी स्पीड के कारण ही तत्कालीन सोवियत संघ के इस लड़ाकू विमान से अमेरिका भी डरता था. इस विमान को बलालैका के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह रुसी संगीत वाद्य यंत्र ऑलोवेक की तरह दिखता था. यह इकलौता ऐसा विमान है जिसका प्रयोग दुनियाभर के करीब 60 देशों ने किया है. मिग-21 इस समय भी भारत समेत कई देशों की वायुसेना में अपनी सेवाएं दे रहा है. पिछले 60 सालों में भारतीय वायु सेना द्वारा उड़ाए गए सभी वेरिएंट सहित विमान, 1971 के बांग्लादेश युद्ध, 1999 के कारगिल युद्ध और बालाकोट एयरस्ट्राइक का हिस्सा रहे हैं. अगर दुर्घटनाग्रस्त विमान की बात की जाए तो अब तक देश में मिग 21 के 490 विमान दुर्घटनाग्रस्त या क्रैश हो चुके हैं. इसके क्रैश रिकॉर्ड को देखते हुए इसे फ्लाइंग कॉफिन (उड़ता ताबूत) नाम दिया गया है. इसकी गति के कारण ही तत्कालीन रूस के इस मिग-21 से अमेरिका भी काफी डरता था. वहीं मौजूदा दौर की बात करें, तो इस वक्त करीब 50 मिग-21 विमान सेवा में बने हुए हैं. यह अगले दो साल में चरणों में सेवा से हटा दिए जाएंगे.



### मुन्नाभाई की तरह एग्जाम में नकल करने की कोशिश कर रहे थे छात्र, पकड़ा रंगेहाथ

**नई दिल्ली।** पुलिस भर्ती प्रक्रिया के दौरान पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर नकल करने की कोशिश करने वालों को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा है. पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य को नोटिस देकर रिहा कर दिया है. दरअसल, गोरगांव स्थित उन्नत महानगर पालिका केंद्र में युवराज जारवाल इलेक्ट्रिक ईयरबर्ड के जरिए अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में रहकर पेपर हल कर रहा था. दाहिने हाथ के कोहनी तक सन ग्लव्स और सिम कार्ड, चार्जिंग सॉकेट, माइक्रो माइक के साथ आयताकार इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर बैठा था. इसी तरह का प्रयास भांडुप और मेघवाड़ी थाना क्षेत्रों में केंद्र की नकल करने का किया गया. नकल करने वाले इन छात्रों के खिलाफ कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन, गोरेगांव पुलिस स्टेशन, मेघवाड़ी पुलिस स्टेशन और भांडुप पुलिस स्टेशन में मुंबई पुलिस द्वारा अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं. आरोपी रवींद्र काले, नितेश आरेकर, अशोक ढोले को पुलिस ने 41ए का नोटिस देकर रिहा कर दिया है. वहीं, युवराज जारवाल, बबलू मेधरवाल इन दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.



## हिंसा के चलते मणिपुर से निकलने की होड़

# 20 से 30 हजार तक पहुंचा कोलकाता फ्लाइट का किराया

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा के बाद इम्फाल-कोलकाता हवाई किराया 22,000 रुपये और 30,000 रुपये तक पहुंच गया है. यह सामान्य कीमतों से छह से आठ गुना ज्यादा है. हवाई किराया पिछले हफ्ते हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में रहने वाले कोलकाता वासियों से मणिपुर छोड़ने की हड़बड़ी की वजह से है. इम्फाल हवाईअड्डे के बाहर हजारों यात्रियों के इंतजार में इम्फाल और कोलकाता के बीच परिचालन करने वाली एयरलाइनों ने कहा कि कोलकाता जाने वाली उनकी सभी उड़ानें फुल चल रही हैं. ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि मौजूदा स्थिति के कारण अगले कुछ दिनों में हवाई किराए में कमी आने की संभावना नहीं है. यहां तक कि कुछ एयरलाइंस ने कहा कि वे मांग को पूरा करने के लिए और ज्यादा उड़ानों को संचालित कर रही है. बेहाल के एक बैंक अधिकारी जो पिछले साल से इम्फाल में तैनात हैं, उन्होंने कहा कि इम्फाल में स्थिति तनावपूर्ण है. अधिकारी ने कहा कि मेरी सुरक्षा को लेकर मेरा परिवार बहुत चिंतित है और मुझे जल्द से जल्द वापस आने के कह रहा है. अधिकारी ने बताया कि उड़ानों का किराया बढ़ गया है. इसके साथ ही कोलकाता और गुवाहाटी के लिए लगभग सभी उड़ानें फुल हैं. उन्होंने बताया कि मेरे पास अगले हफ्ते की कन्फर्म टिकट है. मैं इसे फिर से मैं इसे फिर से शेड्यूल



करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन या तो उड़ानें भरी हुई थीं या टिकट बहुत महंगे थे. बैंक अधिकारी ने कहा कि इम्फाल में इमा मार्केट के ठीक सामने हिंसा की दो घटनाओं को देखने के बाद से वह घबरा गए थे.

### रेलवे स्टेशन जैसा दिखाई दे रहा है एयरपोर्ट

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार (4 मई) को हमने एक भीड़ को एक कार में आग लगाते हुए देखा. अगले दिन, हमारे घर के ठीक बाहर फायरिंग हुई. उन्होंने बताया कि स्थिति डरावनी हैं हम दरवाजे और खिड़कियां बंद करके घर में रह रहे हैं. उन्होंने बताया कि शहर में अभी इंटरनेट बंद है, लेकिन रविवार (7 मई) को कुछ घंटों के लिए बाजार और दुकानें खुली थी. मणिपुर में रहने वाले एक अन्य बंगाली शख्स ने कहा कि शहर छोड़ने वाले यात्रियों की इतनी भीड़ है कि हवाईअड्डा एक सार्वजनिक बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन जैसा दिखाई दे रहा है. एयरपोर्ट पर लोग अपनी उड़ानों के इंतजार में फर्श पर बैठे और सोते नजर आ रहे हैं. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मणिपुर की स्थिति के बारे में अपना दर्द और चिंता व्यक्त करते हुए 6 मई को ट्वीट किया था.

### पाकिस्तान में बढ़ रहा आतंकी मूवमेंट!

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर राजौरी सेक्टर के सामने सीमा पार अपनी बॉर्डर एक्शन टीम को एक्टिव कर दिया है. इसमें पाकिस्तानी सेना के कमांडो और आतंकवादी शामिल हैं. खुफिया सूत्रों के मुताबिक, इन्हें एलओसी के पास जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में देखा गया है. पिछले हफ्ते हुए राजौरी एनकाउंटर की जांच में खुलासा हुआ था कि पाकिस्तान ने इन आतंकियों को मुठभेड़ में युद्ध के लिए हथियार दिए थे. बॉर्डर एक्शन टीमों को पुंछ, राजौरी, मेंढर, कृष्णाघाटी और बिंबर गली सेक्टरों में देखा गया है. सूत्रों ने कहा कि मुजाहिद बटालियन और बैट आतंकवादियों को जंगलों के रास्ते जम्मू सेक्टर में घुसपैठ कराने में मदद कर रहे हैं.

### अमित शाह से लिए 10-20 करोड़ लौटाओ गहलोत के बयान पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने दिए एक भाषण में ऐसा कुछ कह दिया कि सनसनी मच गई है. अशोक गहलोत ने सचिन पायलट के खेमे पर तंज कसते हुए कहा कि इन्होंने बीजेपी और अमित शाह से जितने करोड़ रुपये लिए हैं वो वापस कर दें. दरअसल, गहलोत ने अजीबोगरीब बयान देते हुए कहा कि जिन कांग्रेस विधायकों ने अमित शाह से दस-बीस करोड़ लिए वो पूरी रकम लौटा दें नहीं तो अमित शाह उन्हें डराएंगेङ्कधमकाएंगे. अगर कुछ खर्च कर दिया हो तो उन्हें बता दें तो वो पार्टी से मांग कर भरपाई कर देंगे. सीएम अशोक गहलोत ने कहा, अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत ने मिलकर हमारी सरकार को गिराने की साजिश रची. विधायकों को पैसा बांटा गया है और अब ये पैसा वापस भी नहीं ले रहे हैं. मैं ये सोच रहा हूं कि ये पैसा क्यों नहीं ले रहे हैं वापस मैंने विधायकों से भी ये कहा है कि अगर कुछ पैसा खर्च हो भी गया है तो मैं एआईसीसी से दिलवा दूंगा. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद ने इस मामले पर बोलते हुए कहा, अपनी पार्टी के विधायकों का इतना सम्मान आज तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया होगा जितना अशोक गहलोत ने अपने इस भाषण में किया है.

### शिवराज, महाराज और नाराज...

## दिग्विजय सिंह ने खोली बीजेपी के गुटबाजी की पोल

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी को तीन भागों में बंटा हुआ बताया है. उन्होंने कहा है कि शिवराज भाजपा, महाराज भाजपा और नाराज भाजपा के रूप में बीजेपी बट गई है. दिग्विजय सिंह ने बीजेपी पर जन सेवा और धन सेवा को लेकर भी बड़ा आरोप लगाते हुए परिभाषित किया है. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह लगातार बीजेपी पर तीखे हमले कर रहे हैं. वह पिछले कुछ दिनों से हिंदूवादी संगठन बजरंग दल के पीछे पड़े हुए थे. अब उन्होंने एक साथ शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी निशाना साधा है. दिग्विजय सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में मध्य प्रदेश बीजेपी का संगठन तीन भागों में बंट गया है. दिग्विजय सिंह के अनुसार, पहला भाग मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाला है, जबकि दूसरा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ है. इसी तरह तीसरा मोर्चा नाराज भाजपा का है, जो वर्तमान परिस्थितियों से दुखी है.



### कूदा पायलट

## मकान पर क्रैश होकर गिरा मिग-21, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का मिग-21 लड़ाकू विमान सोमवार (8 मई) की सुबह राजस्थान के हनुमानगढ़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी. एयरक्राफ्ट एक मकान पर जा गिरा, जिसके कारण तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं, पायलट ने पैराशूट की मदद से विमान से कूदकर अपनी जान बचाई. घटना को लेकर स्थानीय पुलिस थानेदार सदर का कहना है कि पायलट को एयरलिफ्ट किया गया है. पायलट के लिए वायुसेना का एमआई17 भेजा है. मिग 21 जिस छत पर जाकर गिरा था वहां तीन महिलाएं और एक आदमी मौजूद थे. इसमें से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी. वहीं, अब एक और घायल ने दम तोड़ दिया. इससे पहले जनवरी में, राजस्थान के भरतपुर में ट्रेनिंग के दौरान दो भारतीय वायुसेना के लड़ाकू जेट एक सुखोई एसयू -30 और एक मिराज 2000 के दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे. इस हादसे में एक पायलट की जान चली गई थी. एक विमान मध्य प्रदेश के मुरैना में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहीं दूसरा दुर्घटनाग्रस्त होकर राजस्थान के भरतपुर में उतरा था. वहीं, पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारतीय सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.



### पुलिस पर टिका दारोमदार

## अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी करेगी सरेंडर, कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** माफिया अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर आज सुनवाई होगी. प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट में दोपहर करीब 2:00 बजे सुनवाई होगी. इसी क्रम में प्रयागराज पुलिस को आज अपना जवाब कोर्ट में दाखिल करना होगा. पिछली कई सुनवाइयों में पुलिस ने अपना जवाब दाखिल नहीं किया है . अब देखना यह होगा कि पुलिस की तरफ से आज कोर्ट में जवाब दाखिल किया जाता है या नहीं. उमेश पाल शूटआउट केस में पुलिस ने अपनी जांच में आयशा नूरी को आरोपी बनाया है .मेरठ में आयशा नूरी के घर पर बमबाज गुड्डू मुस्लिम ठहरा हुआ था. आयशा नूरी पर शूटर गुड्डू मुस्लिम को पनाह देने और भागने के लिए आर्थिक मदद देने का आरोप है. पुलिस आयशा नूरी के पति डॉ अखलाक अहमद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. बीते महीने भी इस मामले में कई मौकों पर सुनवाई हुई हालांकि सरेंडर पर फैसला नहीं आया. इससे पहले आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर सुनवाई टल गई थी. प्रयागराज पुलिस ने 29 अप्रैल की सुनवाई में रिपोर्ट पेश नहीं की थी. सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की डेट की तय हुई थी. कोर्ट को पुलिस रिपोर्ट की आधार पर ही फैसला लेना है. उधर, पुलिस ने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को माफिया घोषित कर दिया है.



### यात्री हर दिन करेंगे सफर

## नोएडा में जल्द चलेगी लंदन वाली पॉड टैक्सी, 12 स्टेशन होंगे



**नई दिल्ली।** देश में एक नए तरीके का परिवहन चलने वाला है. यह पॉड टैक्सी है, जिसकी रिपोर्ट तैयार कर ली गई है. यह उत्तर प्रदेश के नोएडा में चलाई जाएगी और जेवर एयरपोर्ट से फिल्म सिटी को जोड़ेगी. यह दुनिया का सबसे लंबा रूट होगा. भारतीय पोर्ट रेल और रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से तैयार एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह 14.6 किमी लंबा होगा. उत्तर प्रदेश इंडेक्स, यमुना अथॉरिटी ने भारत के पहले पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है. पॉड टैक्सी को इंडियन पोर्ट रेल और रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से तैयार किया गया है. इसके अलावा इस प्रोजेक्ट को पीपीपी प्रोजेक्ट की समिति ने भी स्टडी किया है. इसकी मंजूरी से पहले कहा है कि जिन देशों में पॉड टैक्सी चल रही है वहां स्टडी की जाए. उत्तर प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही इसका निर्माण शुरू किया जाएगा. यह प्रोजेक्ट 2024 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा. इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में 810 करोड़ रुपये का खर्च आएगा. पॉड टैक्सी नोएडा जेवर एयरपोर्ट से फिल्म सिटी को कनेक्ट करेगा. तैयार किए गए प्रोजेक्ट के मुताबिक, पॉड टैक्सी से बड़ी संख्या में यात्रियों को ले जाने का काम किया जाएगा.

# केरल में धर्म परिवर्तन आतंकवाद का भयावह रूप

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बेंगलुरु में प्रचार के बीच बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार (7 मई) शाम को फिल्म द केरला स्टोरी देखी. अब उन्होंने एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान इस फिल्म का रिव्यू दिया है. उन्होंने कहा कि केरल में धर्म परिवर्तन एक आतंकवाद है. यह एक बहुत ही भयावह आतंकवाद का रूप है. इसमें कोई आवाज नहीं है, लेकिन यह बहुत खतरनाक है, जिसका द केरला स्टोरी फिल्म ने पर्दाफाश किया है. जेपी नड्डा ने आगे कहा कि इस फिल्म का संबंध न ही धर्म से है और न ही किसी राज्य से है, बल्कि इसका संबंध देश से है. यह एक वैश्विक कहानी है. केवल भारत ही नहीं यह और भी तमाम देशों में हो रहा है. युवाओं को पहले आकर्षित किया जाता है, बाद में उन्हें दखेल दिया जाता. केरला



स्टोरी इन सभी मुद्दों को बहुद अच्छे से एक्सपोज करती है. फिल्म ने समाज में जागरुगता लाने का काम किया है. ये एक आई ओपनर स्टोरी है.

एसडीपीआई की तरफ से कांग्रेस के समर्थन और आपसी साठगांठ के सवाल पर जेपी नड्डा ने कहा कि पीएफआई और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं. देश इनके लिए सेकेंड्री है. प्राइमरी इनके लिए वोट बैंक पॉलिटिक्स है. पीएफआई पर बैन भारत सरकार ने ठोस सबूत के आधार पर किया. हम देश की अखंडता के लिए काम करते हैं, लेकिन कांग्रेस की सोच है देश चाहे खंडित हो जाए लेकिन उन्हें वोट मिलना चाहिए. वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आरोपों के सवाल पर नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि आपने जिस तरह से तुष्टीकरण किया है उस तुष्टीकरण का नतीजा ही. उन्होंने पूछा कि पीएफआई के लोगों को किसने छोड़ा था? इस तरह की राजनीति करने वाला हमारे संविधान में आर्टिकल 44 में बड़े साफ शब्दों में लिखा है कि धर्म के आधार पर रिजर्वेशन नहीं होगा, फिर भी ये संविधान विरोधी बात करते हैं. द केरला स्टोरी केरल की 32 हजार हिंदू और ईसाई लड़कियों की कहानी है, जिन्हें कथित तौर पर लव जिहाद में फंसाया गया. फिल्म के निर्माता यह दावा कर रहे हैं कि यह सच्ची घटनाओं पर आधारित है. वहीं, इसका विरोध करते हुए कहा जा रहा है कि इसमें 1-2 घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश की गई है. इस फिल्म को लेकर राजनीति जारी है.

# स्वास्थ्य मंत्री ने लगाया मरीजों को वीडियो कॉल, जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

## जिला अस्पताल शिवपुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर सहित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के मरीजों व स्टाफ से की बात

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने शिवपुरी जिले के सरकारी सहित आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों व स्टाफ से वीडियो कॉल के माध्यम से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी सहित भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम पूछी। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी द्वारा मरीजों का हालचाल जानने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की वस्तु स्थिति जानने के लिए वीडियो कॉल के माध्यम से भर्ती मरीजों तथा अस्पताल के स्टाफ से बात की जा रही है। जिसमें उनके द्वारा रोगियों के भर्ती होने का कारण उन्हें प्राप्त सेवाएं तथा सेवाओं से संतुष्टि जैसे प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इतना ही नहीं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अस्पताल के स्टाफ से भी कई प्रकार के प्रश्न किए जा कर उनके द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की वस्तुस्थिति जानी जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा शिवपुरी जिले के जिला चिकित्सालय में भर्ती ढाई माह की मासूम चौरी जाटव पुत्री संदीप जाटव निवासी हनुमान कॉलोनी शिवपुरी के स्वास्थ्य की कुशलक्षेम लेने के साथ ही स्टाफ नर्स वह चिकित्सक से बातचीत की गई।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती बच्ची के माता-पिता से पूछा कि बच्ची को उपचार ठीक से मिलना है दवाइयां समय पर दी जा रही हैं किसी प्रकार का कोई पैसा तो नहीं लिया गया। जिस पर परिजनों ने प्राप्त स्वास्थ्य सेवाओं पर संतुष्टि जताते हुए



स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ.चौधरी ने चिकित्सकों और स्टाफ से भी बात की और बच्ची को दिए जा रहे उपचार के विषय में जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा भी स्वास्थ्य मंत्री को बच्चे के स्वास्थ्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य मंत्री के फोन की घंटी सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के फोन पर बजी जिसमें पैर की फैक्चर के कारण भर्ती मरीज प्रदुम्न सिंह यादव उम्र 15 बर्ष निवासी पंडोरा तहसील कोलारस, पैर फैक्चर से ग्रसित जितेन्द्र धाकड़ उम्र 28 वर्ष निवासी धोवनी जिला श्योपुर, पैर की हड्डी के ऑपरेशन के लिए भर्ती भागीरथ धाकड़ उम्र 45 वर्ष निवासी बेटा तहसील कोलारस जिला शिवपुरी चर्चा की गई। सभी रोगियों से उनकी बीमारी भर्ती होने की अवधि तथा स्वास्थ्य सेवाएं और आयुष्मान कार्ड के विषय में जानकारी ली गई। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल आयुष्मान कार्ड लगाए जाने के बाद भी अतिरिक्त राशि लिए जाने के संबंध में जानकारी पूछी तो मरीजों ने स्पष्ट तौर पर इंकार करते हुए कहा कि उनसे कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली गई है। उन्हें उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपचार प्राप्त हो रहा है और वह प्राप्त उपचार से संतुष्ट हैं। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर के डिलीवरी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से चर्चा करते हुए भोजन, दवाएं मिलने की जानकारी चाही तो महिला ने प्रसन्न होकर स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद देते हुए सब मिल रहा है कहीं कोई समस्या नहीं आई कहां गया। मैं व मेरा बच्चा सकुशल है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी द्वारा स्वास्थ्य की जानकारी लिए जाने से जहां मरीजों में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया वही उपचार के विषय में पूछने से और उनके प्रति उत्तर सुनने के उपरांत शाबाशी देने से सरकारी कर्मचारियों में भी उत्साह का वातावरण देखा गया।

# तहसील स्तर पर ही जनसुनवाई में आवेदन निराकरण के निर्देश

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



शिवपुरी। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हर मंगलवार को जनसुनवाई रखी जाती है। जहां दूर ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक भी पहुंचते हैं। आवेदकों को जिला स्तर तक परेशान न होना पड़े। तहसील स्तर और विकासखंड स्तर पर ही समस्या का निराकरण होना चाहिए। तहसील स्तर पर ही जनसुनवाई की जाये। समस्त तहसीलदार को जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिससे आसपास के आवेदकों को जिला स्तर तक परेशान न होना पड़े।

# चमक उठेगी शहर की सड़कें

## विभिन्न सड़क मार्गो के डामलीकरण का भूमिपूजन हुआ

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो पर डामलीकरण के निर्माण कार्य का शुभारंभ घंटाघर पर आयोजित हुआ। नगर पालिका के द्वारा लगभग 3 करोड़ 20 लाख रूपए से शहर कि प्रमुख सड़को पर डामलीकरण करके उनका कायाकल्प किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक अजय टंडन, श्रीमति मंजू वीरेंद्र राय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दमोह, यशपाल सिंह सांसद प्रतिनिधि नपा, नपा उपाध्यक्ष सुषमा विक्रम सिंह, भैयालाल सिंह बघैल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, मनु मिश्रा, गणेश जाटव, गौपाल ठाकुर, विक्की सेन, पप्पू कसौटिया, अमित त्यागी, सतीश जैन बाबा, रघु श्रीवास्तव, संजय पटैल, धीरज घारू, मिक्की चंदेल, दाउद सौदागर, ठेकेदार शिवकुमार ताम्रकार, अश्विन ताम्रकार, डब्बू ताम्रकार, शिवम राय, उपयंत्री मेघ तिवारी, सुशील सोनी, आकाश उदेनिया, ओएस अरविंद राजपूत, विकास तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों कि मौजूदगी रही।

# लूट की योजना बनाते हुए 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के दिशानिर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये लगातार अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशानिर्देश दिये जा रहे है इसी तारतम्य में पुलिस की सजगता से एक घटना को घटित होने से पूर्व ही पुलिस द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया दिनांक 07-08.05.23 की दरमियानी रात पुलिस को सूचना मिली की कि 18 बटालियन के पास कुछ लोग किसी बस या ट्रक को लूटने की योजना बना रहे है जानकारी प्राप्त होते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं सीएसपी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्षन में टीआई कोतवाली अमित सिंह भदौरिया, टीआई देहात विकास यादव एवं थाना प्रभारी फिजीकल अरविन्द छारी के नेतृत्व में टीमें घटित कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिष देकर आरोपीगण सादिक अली पुत्र लियाकत अली, फुरकन पुत्र जाफर अली, रजाकत अली उर्फ लावरिया पुत्र जलालुददीन , सैफअली खांन पुत्र मोहम्मददीन नि0 गूडरभोज जिला उदयसिंहनगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर इनके कब्जे एक 315 का कटटा, 2 कारतूस, एक फरसा, एक लोहागी, एक सरिया जप्त कर आरोपियों द्वारा वीडियों कोच बस या ट्रक को लूटने की योजना को सफल होने से पूर्व ही इन्हे गिर0 कर विफल कर दिया इनका एक साथी दिलषाद अधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा उक्त सराहनीय कार्य के लिये थाना कोतवाली, थाना देहात, थाना फिजीकल के बल की सराहनीय भूमिका रही ।

# शिवपुरी पुलिस की अवैध रेत खनन के विरुध्द कार्यवाही जारी, पुलिस चौकी लुकवासा थाना कोलारस ने पकड़ा अवैध रुप से रेत (बजरी) से भरा एक ट्रेक्टर मय ट्राली

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**




पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा जिले में रेत माफिया आईपीएल सट्टा शराब माफिया अवैध मादक पदार्थ भूमफिया के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे तथा रेत माफिया का जीरो टोरलेंस अपनाने के निर्देश दिये गये थे उक्त निर्देश के पालन मान अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया के निर्देशन में तथा एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 08/05/2023 को पुलिस चौकी लुकवासा थाना कोलारस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम साखनौर के पास सिन्ध नदी से एक ट्रेक्टर मे अवैध रुप से सिन्ध रेत भरकर ले जा रहा है, उक्त सूचना पर से पुलिस द्वारा ग्राम साखनौर के पास सिन्ध नदी के घाट पर दबिस दी गई तो एक ट्रेक्टर मे अवैध रुप से सिन्ध नदी की रेत ( बजरी ) भरकर फरिवहन करता पाया गया, उक्त ट्रोक्टर का चालक पुलिस को आता देख ट्रेक्टर को छोड़कर भाग गया, बजरी भरकर ले जाने की राँयल्टी नहीं थी जिन्है मौके पर विधिवत जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 379 ता0हि0 4(ए) 21(1) खनिज अधिनियम 1957 के तहत पंजीबद्ध किया गया है ।

# शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही, लूट की योजना बनाते हुए 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के दिशानिर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये लगातार अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशानिर्देश दिये जा रहे है इसी तारतम्य में पुलिस की सजगता से एक घटना को घटित होने से पूर्व ही पुलिस द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया दिनांक 07-08.05.23 की दरमियानी रात पुलिस को सूचना मिली की कि 18 बटालियन के पास कुछ लोग किसी बस या ट्रक को लूटने की योजना बना रहे है जानकारी प्राप्त होते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं सीएसपी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्षन में टीआई कोतवाली अमित सिंह भदौरिया, टीआई देहात विकास यादव एवं थाना प्रभारी फिजीकल अरविन्द छारी के नेतृत्व में टीमें घटित कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिष देकर आरोपीगण सादिक अली पुत्र लियाकत अली, फुरकन पुत्र जाफर अली, रजाकत अली उर्फ लावरिया पुत्र जलालुददीन, सैफअली खांन पुत्र मोहम्मददीन नि. गूडरभोज जिला उदयसिंहनगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर इनके कब्जे एक 315 का कटटा, 2 कारतूस, एक फरसा, एक लोहागी, एक सरिया जप्त कर आरोपियों द्वारा वीडियों कोच बस या ट्रक को लूटने की योजना को सफल होने से पूर्व ही इन्हे गिर. कर विफल कर दिया इनका एक साथी दिलषाद अधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा उक्त सराहनीय कार्य के लिये थाना कोतवाली, थाना देहात, थाना फिजीकल के बल की सराहनीय भूमिका रही ।

# गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन द्वारा एक्सपोर्ट इंडस्ट्री पर कार्यशाला आयोजित

गुरुकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा युवाओं को एक्सपोर्ट इंडस्ट्री में करियर की जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशाला ग्रैब स्पेस कोवर्किंग में आयोजित हुई जिसमें अतिथि वक्ता के रूप आदित्य राठौड़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रिपुदमन सिंह तोमर उपस्थित रहे। अतिथि वक्ता आदित्य राठौड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार एक्सपोर्ट करने के इच्छुक हर बिजनेसमैन को एक्सपोर्ट लाइसेंस देती है. लेकिन, उनकी अपनी कुछ शर्तें होती हैं, जिन्हें पूरा करना होता है. सरकारी वेबसाइट इंडियन ट्रेड पोर्टल पर एक्सपोर्ट लाइसेंस हासिल करने के लिए अनिवार्य शर्तों के बारे सम्पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है ,आप किस प्रोडक्ट को एक्सपोर्ट करना चाहते हैं, उसका मार्केट क्या होगा, इन सब बातों पर जरूरी रिसर्च जरूर कर लें. बता दें कि आप प्रतिबंधित प्रोडक्ट्स के अलावा किसी भी प्रोडक्ट का एक्सपोर्ट कर सकते हैं. आप विदेश व्यापार नीति ए तहत कुछ देशों में मिलने वाले मार्केट बेस्?ड एक्?सपोर्ट फायदों को भी पता कर लें तो ज्यादा लाभदायक



होगा विशिष्ट अतिथि रिपुदमन सिंह तोमर ने युवाओं को अधिक से अधिक स्टार्टअप शुरू करने का आव्हान किया। कार्यशाला संचालन तुव्यम जैन एवं आभार आकाश बरूआ ने किया इस अवसर पर संस्था के आकाश त्रिपाठी, जयेश श्रीवास्तव, मोहित सिंह, कुमकुम झा, हिमांशु कुशवाह आदि सदस्य उपस्थित थे।

# रोजगार कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी मंगलवार को

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबन्द।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गरियाबन्द के नेतृत्व में मंगलवार 9 मई को प्रदेश के भुपेश सरकार के बेरोजगारी भत्ता के वादा खिलाफी के विरोध में रोजगार कार्यालय का घेराव एवं ताला बंदी आंदोलन बस स्टैंड गरियाबन्द में रखा गया है जिसमे भाजयूमो जिला अध्यक्ष डॉ.योगीराज माखन कश्यप ने सभी बेरोजगार साथियों को अपने अधिकार की लड़ाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया जिला के 9 मंडलो से बड़ी संख्या में भाजपा भाजयुमो कार्यकर्ता के साथ युवा बेरोजगार उपस्थित होकर कार्यालय का घेराव करते हुए अपनी मांग रखेंगे साड़े चार साल का बेरोजगारी भत्ता एक बेरोजगार को 1,30000 के हिसाब से देना चाहिए सभी बेरोजगार साथियों को देना चाहिए परंतु भूपेश बघेल ने छलने का काम किया है ।जिला के भाजपा नेताओं के साथ कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर एवं जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू सह प्रभारी अजय नायक आकाश पांडेय की उपस्थिति में कार्यकर्ता जोश के साथ घेरने के लिए निकलेंगे भाजपा जिला संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे । जिलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार के खिलाफ हुंकार भरने के लिए आवाह्न किया।

# युवा कांग्रेस गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी को कर रहे हैं मजबूत



आगामी समय में विधानसभा चुनाव है और कांग्रेस को मजबूत करने के लिये कांग्रेस के युवा नेता लगातार क्षेत्र में सक्रिय है युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सचिन त्यागी एवं युवा कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन सैयद नूर अली अशोक नगर विधानसभा क्षेत्र के गांव में जाकर प्रत्येक पोलिंग बूथ पर युवाओं की टीम बना रहे हैं और 15 महीने की कांग्रेस सरकार की उपलब्धि ग्रामीणों को बता रहे हैं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सचिन त्यागी का कहना है कि हमारा लक्ष्य है हम हर पोलिंग बूथ पर 10 युवाओं की टीम बनाएंगे जो अपनी पोलिंग पर जितने भी वोटर हैं उन तक कांग्रेस पार्टी की 15 महीने की जो सरकार रही मध्यप्रदेश में उसको जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और युवाओं का भरपूर समर्थन भी युवा कांग्रेस को मिल रहा हैमीडिया विभाग चेयरमैन सैयद नूर अली ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हम युवाओं किसानों महिलाओं बेरोजगारों दलितों और पिछड़ों की जो समस्याएं हैं उनको पार्टी हाईकमान को बताएंगे जिससे कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बने और अमन समस्या।



# समाज सेवक पी.व्ही. राजगोपाल पहुंचे टोक्यो-राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा। समाज सेवा के क्षेत्र में राजगोपाल का एक अलग ही किरदार देखने को मिलता है और लोग उसे प्रेम से लोग राजाजी के नाम से संबोधित करते हैं उन्होंने अपना सारा जीवन पिछड़े जनजाति, आदिवासी और पिछड़े समुदाय के लोगों की सेवा उनके अधिकारों के लिए कई आंदोलन भी किये। वहीं न्याय और शांति के लिए भय और भुखमुक्त समाज की रचना के लिए प्रयासरत रहे और इसी क्रम में सत्तर के दशक में मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के 654 बागियों को गांधी जी के प्रतिमा के सामने समर्पण कराकर मुख्यधारा पर लाया गया। एवं सभी आदिवासी व परंपरागत वननिवासियों के वनाधिकार पट्टे के लिए भी आंदोलनरत रहे। और उनके इन सब कार्यों के लिए उन्हें नोविनो पुरुस्कार से 11 मई को जापान में पुरुस्कार प्रदान किया जायेगा। जिसे लेने जिल बहन और राजगोपाल जापान की राजधानी टोक्यो पहुंच गए हैं।कल वे वहां के स्थानीय कार्यक्रम उत्तरी जापान के ऐनू आदिवासी समुदाय में शामिल होकर मुलाकात किये। जहां उनको पुरुस्कार 11 मई को जापान के महामहिम राष्टपति के हाथों प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए गरियाबंद जिले के समाजसेवी सीताराम सोनवानी एवं जिले के सभी राष्टीय एकता परिषद के सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# बदरवास के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रारंभ हुआ सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन अधिगम का प्रशिक्षण





**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

लोक शिक्षण संस्थान संचालनालय द्वारा संचालित सतत एवं व्यापक मूल्यांकन अधिगम का चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम बदरवास नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास में प्रारंभ हुआ जिसमें कोलारस और बदरवास क्षेत्र के 100 से अधिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया प्रशिक्षण के प्रारंभ में सर्वप्रथम प्रशिक्षण प्रभारी चंद्रवीर सिंह सेंगर और मास्टर ट्रेनर चंद्रभान श्रीवास्तव, श्रीरामप्रकाश, दिलीप विश्वकर्मा, कपिल परिहार, दीप ओझा द्वारा मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया उसके बाद आज के पंचांग का वाचन किया श्री रामप्रकाश द्वा किया गया उसके बाद राष्ट्रगान, प्रेरणा गीत भी मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रस्तुत किया गया सीसीएलई पर पी आर भगत द्वारा सीसीएल की अवधारणा शिक्षकों के मध्य प्रस्तुत की गई जिसमें बताया गया की यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कितना आवश्यक है और इसको विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कैसे उपयोग में लाया जाता है उसके बाद कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से शिक्षक कपिल परिहार और शिक्षिका विनीता कुशवाहा सांकेतिक जन्मदिन मनाया गया और अगले सत्र में सभी शिक्षकों ने आशु भाषण में भी भाग लिया जिन्हें विभिन्न प्रकार के टॉपिकों पर आशु भाषण प्रस्तुत करने को कहा गया कार्यक्रम में सभी ने साथ में सहभोज किया शिक्षकों के इस प्रशिक्षण के प्रभारी श्री चंद्र सिंह सेंगर द्वारा बताया गया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश के सभी बालक बालिकाओं को सभी विधाओं में पारंगत हो इसके लिए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन अधिगम चलाया जा रहा है जिसका चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शासकीय कन्या उमावि बदरवास में प्रारंभ हुआ है यहां से प्रशिक्षित होकर के शिक्षक अपने अपने विद्यालय में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन अधिगम को अपने विद्यालय में संचालित करेंगे।

# राजस्थानी फिल्म श्री आईजी का ट्रेलर हुआ रिलीज

## ट्रेलर व विमोचन धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के करकमलों द्वारा

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

जोधपुर। बिलाड़ा राजस्थानी फिल्म श्री आईजी का ट्रेलर धर्मगुरु दीवान माधवसिंह ने रिलीज किया।वीरु गोयल ने बताया कि हेमंत सीरवी द्वारा निर्देशित राजस्थानी फिल्म श्री आईजी का ट्रेलर आज बिलाड़ा में सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी ने रिलीज किया। इस प्रोग्राम में सीरवी समाज के कई लोगो ने लिया हिस्सा, दीवान साहब माधवसिंह ने कहा की ये फिल्म आई माता जी के इतिहास और भक्ति को युवा पीढ़ी सीख देगी। फिल्म के निर्माता भंवर सीरवी ने कहा की इस फिल्म को साउथ में रिलीज से शुरुआत करेंगे। फिल्म के लेखक व निर्देशक हेमंत सीरवी ने बताया की धर्मगुरु के हाथो से ट्रेलर रिलीज व पोस्टर विमोचन से सब जगह धर्म का प्रचार होने में कोई कसर नहीं होगी इससे



आई माता का इतिहास पुनः दोहराया जाएगा। फिल्म की कहानी व गीत लखन चौधरी ने लिखे तथा मुखिया कलाकार में आई माता का रोल शर्मिष्ठा मकवाना ने किया और महमूद खिलजी का रोल शरद शर्मा ने लिया, साथ ही साउथ में रह रहे मारवाड़ी के रोल में नेहा आसवानी, अल्ताफ हुसैन, दिलीप वैष्णव, चिंटू प्रजापत, राधा, रावत गोस्वामी गजेंद्र सिंह मंडली, किशन सिंह, मिहिका चास्ता, भंवर सीरवी, अर्जुन सीरवी, अर्जुन शर्मा, दिव्या टांक, लक्ष्मण नारलाई ने किया।

# विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व होता है : पूरन सिंह चौहान

### समर कैंप में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक ले रहे हैं भाग: नरेश सिंह भदौरिया, शामवि. काटनजीन क्र.-1 में हो रहा है खेल प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** भिण्ड शहर के सीएम राइज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्र. - 2 भिण्ड की कैम्पस शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय कॉटनजीन क्र. - 1 भिण्ड में दिनांक 1 मई 2023 से 13 मई 2023 तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम संचालक पूरन सिंह चौहान ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलकूद एवं खेलकूद प्रतियोगिता का विशेष महत्व होता है। सीएम राइज काटनजीन के प्राचार्य नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि समर कैंप में हो रहे खेलकूद प्रतियोगिताओ में छात्र - छात्राएं बड़चड़ कर उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समर कैंप के दौरान विभिन्न प्रकार की रोचक गतिविधियों एवं खेलों को शामिल किया गया है। विद्यालय में कक्षा 3 से 8 तक के 250 छात्र- छात्राओं का इन गतिविधियों के लिये पंजीयन किया गया है । समर कैम्प प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खो- खो,कबड्डी, गन शूटिंग ,बॉक्सिंग, लाईट गैम्स, डांस, पेंटिंग, क्राफ्ट, योग - ध्यान, आदि में छात्र छात्रायें बड़े उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। कैम्प कार्यकमों के संचालन में प्राचार्य पूरन सिंह चौहान एवं प्रधानाध्यापक नरेश सिंह भदौरिया सहित सत्यनारायण चतुर्वेदी, राजेश त्रिपाठी, अरुण शर्मा, अरुण चौहान, श्रीमती कल्पना गौर,अपर्णा भदौरिया,सोनवीर भदौरिया,उमेश राजपूत,गिरजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा,अवधेश वर्मा,रवि राजावत,विजय शर्मा,अनिल गुप्ता, श्रीमती अंशु जैन,रिंकी तोमर,अनीता पाण्डेय के मार्गदर्शन में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

# तीर्थ दर्शन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

पुष्पांजली टुडे



मां केला देवी धार्मिक यात्रा पर निकले श्रद्धालु जनों का स्वागत-सम्मान सम्मान करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने सभी जनो को अवगत कराते हुए कहा कि तीर्थ दर्शन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, जरूरी नहीं कि हम चारों धाम ही करके आयें, यदि आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो अपने नजदीकि धार्मिक स्थलों का ही दर्शन कर लेना चाहिए, इससे हमारे जीवन में धार्मिक स्थानों को गहराई से जानने की इक्षा प्रबल होती है, जिससे कि चित्त स्वतः सनातन की ओर आकर्षित होकर, हमें उदारवादिता व मनुष्यत्व की भावना से जोड़कर समरसता रूपी अहिंसक मार्ग से जोड़े रखता है। यात्रा में उपस्थित जन गोविंदास झा संतोष सोनी अविनाश झा मयंक झा सुनील राठौड प्रदुमन झा राहुल चौरसिया जानू मूर्तिकार राज पटबा आदि जन उपस्थित रहे।

# ओमकारा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन गोआ राज्य में सम्पन्न हुआ

पुष्पाजंली टुडे





गोआ। चीजू सांस्कृतिक और धर्मार्थ ट्रस्ट रजि. बैंगलोर कर्नाटक 6 मई 2023 को गोवा में संगठन द्वारा एक विशेष नृत्य उत्सव ओमकारा फेस्ट कार्यक्रम का भव्य तरीके से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती विभा सुषमा, डॉ. देवराज, डॉ. संचालन दीपक गुरुजी और कविता ने किया। नृत्य परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध नृत्य गुरु रश्मि टीम पुष्पांजलि गणेश नमन से हुई।कार्यक्रम की खास बात थी पुतानी साक्षी प्रशांत का यक्षगान मेरा झूम। श्रेया और जीविता के भरतनाट्यम नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। अजय की टीम का डांस भीड़ को खामोश करने के लिए काफी था। विदुषी अशरानी की नृत्य मंडली की पुतानियों के कृष्णार्पण की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कैवारा के परमान अरलुमल्लिगे की मंडली का नृत्य प्रदर्शन भी अद्भुत था। मशहूर डांस गुरु सुषमा की टीम के बच्चों का डांस भरतनाट्यम के क्षेत्र में एक नया सपना बुनने जैसा था। इस कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि, श्रीमती रेशमा, श्रीमती पूजा, श्रीमती अन्नपूर्णा, मेघना नृत्य गुरु की सभी छोटी बच्चियों का कार्यक्रम भी अद्भुत रहा। वेंकटेश मूर्ति, शारदा, डॉ. ममता, भावना, रेशमा, मीनाक्षी, मालती सहित 35 अचीवर्स को नव नक्षत्र पुरस्कार से सम्मानित और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत नायक, संतोषी, जीविता, संजना, अभिषेक, रक्षणा आदि मौजूद रहे।



# आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर बाल कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बांटे गए राशन में गड़बड़ी,को लेकर बाल कांग्रेस के भिण्ड अध्यक्ष सुशांत सिंह राजावत गोपाल बबेडी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने जिला महिला बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार को कलेक्ट्रेड पहुंचकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के नेता सुशांत सिंह बबेडी ने कहा कि भिण्ड विकास खंड के अंतर्गत ग्राम बबेडी के अंतर्गत आने वाली आँगनबाड़ी केंद्रों में बांटे गए राशन में भारी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। न समय पर राशन वितरित होता है। आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती, धात्री महिला, किशोरी तथा कुपोषित बच्चों को तंदरुस्त बनाने सरकार की ओर से राशन मुहैया कराए जाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन इन केंद्रों पर राशन वितरण में गड़बड़ी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सुशान्त सिंह (गोपाल बबेड़ी), दीपू राजावत,दीपक भदौरिया, हिमांशू चौहान, चन्दन राजावत, ऋतिक बघेल, अमन खान, हसन खान,सुंदरम भारद्धाज, कुशल चौबे, अवनीश बघेल,राहुल नरवरिया, बुमराह राजावत, करण तोमर, प्रशांत, विजेंद्र वर्मा, कुलदीप बोहरे, भोले दीक्षित, अभी शुक्ला, प्रभु मिश्रा, ऋषि कुशवाह, नुकुल पंडित,इत्यादि लोग मजबूत रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा आध्यात्मिकता की ओर लोगों को जोड़ती हैः ओपीएस भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में एड नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र में गांव के मंडल रोन मैं चल रही श्रीमद् भागवत कथा मैं सम्मिलित हुए और कथावाचक केसरी मत मुखारविंद से भक्ति में कथा का श्रमण किया । इस अवसर पर उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा और श्रीमद् राम कथा एवं हमारे अन्य धार्मिक आयोजन अध्यात्म अता की ओर सर्व समाज को जोड़ते हैं यह भवसागर है हम सभी को श्रद्धा भाव से इसका श्रवण करना चाहिए ताकि हम अपने जीवन में ऐसा अध्यात्मिक रूपी अमृतवाणी को अपने हृदय में स्थापित करते हुए भगवान के प्रति आस्था व्यक्त करें और अपने हिंदू राष्ट्र को मजबूत करते हुए समाज को जागृत करें यही कथा का उद्देश है। उन्होंने कहा भगवान श्री कृष्ण के 16 अवतार एवं भगवान राम के 12 और भगवान परशुराम के 6 अवतार भगवान विष्णु के रूप में प्रकट करते हैं जिन्होंने मानव समाज को हिंदू राष्ट्र की भावना से जोड़ने का काम किया आज व्यास गद्दी के माध्यम से जो हमें कथा का श्रवण करा रहे हैं हम उनकी 11 अमृतवाणी को समझने का प्रयास करें। राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने व्यास गद्दी पर पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे व्यास जी का पुष्प मालाएं एवं रोरी सिंह तिलक कर उनका सम्मान किया और आरती में शरीक हुए।

# कांग्रेस में कभी नहीं हो सकता नारी सम्मान : सरोज जोशी

## योजना के फार्म भरवाकर महिलाओं को कर रहे हैं भ्रमित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती सरोज जोशी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशों पर 9 मई से प्रदेश में नारी सम्मान योजना के शुभारंभ पर अपना पलटवार करते हुए कहा की कांग्रेस में कभी महिलाओं का सम्मान नहीं हो सकता जिन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में ऐसे ही किसान कर्ज माफी के नाम पर रंग-बिरंगे फार्म भरा कर उन्हें झूठ बोलकर सरकार बनाकर भ्रमित किया़ था एक भी किसान का कर्जा माफ नहीं कर पाए



ऐसे ही यह नारी सम्मान योजना मात्र नाटक और नौटंकी है यह महिलाओं के कभी हितेषी नहीं बन सकते। ऐसी योजनाओं से महिलाएं सावधान रहें और इनके झूठे बहकावे में ना आए। श्रीमती जोशी ने प्रदेश की महिलाओं से कहा है,कि झूठे फार्म भरवाने में ना आए यह कांग्रेसी पूर्व से जुड़े हैं और आप के फार्मो को भराकर फिर , कूड़े कचड़े में डाल दिए जाएंगे जो पूर्व में 15 माह की कांग्रेस की सरकार में किसानों से जो कर्जे के रंग-बिरंगे फार्म भरे गए थे वह भी पूर्ण रूप से कचरे में डाल कर उनको जला दिए गए।

# नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान के तहत खरगोन पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### पुलिस कप्तान के नेतृत्व मे खरगोन पुलिस द्वारा की गई नाइट कोम्बिंग गश्त की कार्यवाही, नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान मे जिले के राजपत्रित अधिकारियों सहित समस्त थानों का बल रहा शामिल, बड़ी संख्या मे स्थाई, गिरड़्तारी, फरार, इनामी वारंटीयो को गिरफ्तार करने सहित निगरानी गुंडों व निगरानी बदमाशों को चेक किए गए

**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। पुलिस मुख्यालय भोपाल व माननीय पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना जी द्वारा पूर्व में भी नाइट कॉम्बिंग गश्त चेकिंग कर स्थाई वारंटी व फरार वारंटी आदि की गिरफ्तारी कर जल्द से जल्द माननीय न्यायालय पेश करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण झोन श्री राकेश गुप्ता जी व पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन श्री तिलक सिंह जी द्वारा भी फरार, स्थाई व इनामी वारंटियों की गिरफतारी करने संबंधी आदेशित किया गया था। इसी तारतम्य में गत रात्रि पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारीयो के नेतृत्व में समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को विशेष अभियान के तहत रात्रि कॉम्बिंग गश्त चेकिंग कर फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों, गुंडे, बदमाश आदि की चेकिंग कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । इस विशेष अभियान के खरगोन जिले के राजपत्रित अधिकारियों सहित जिले का थानों का बल शामिल रहा । गत रात्रि 07- 08.04.23 को समस्त थानों पर उपस्थित बल को ब्रीड़ करने के उपरांत विशेष कॉम्बिंग गश्त चेकिंग अभियान का आगाज हुआ जो सुबह 06 बजे तक जारी रहा । उक्त विशेष कॉम्बिंग गश्त चेकिंग अभियान के



परिणामस्वरूप कुल 24 स्थाई वारंटी, 86 गिरफ्तार वारंटी, 01 ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किरने सहित कुल 140 गुंडा चेकिंग एवं 70 निगरानी बदमाशो को चेक किया गया। साथ ही जिले के संपत्ति संबंधी अपराधी, बेंक-एटीएम आदि सहित संदिग्ध वाहन चेक किए गए। उक्त अभियान मे सभी गिरफ्तार वारंटीयो विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के उपरांत माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।

# जिले में एनईईटी परीक्षा 2023 सफलता पूर्वक संपन्न हुई



**हमेश कटरे रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

बालाघाट जिले में 07 मई 2023 को नीट परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 9 केंद्र में परीक्षा संपन्न की गई । ये केंद्र केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट, सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, आइडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी, जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी एवं ओजस ग्लोबल स्कूल बालाघाट थे । सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल में 360 परीक्षार्थी में से 356, महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 360 में से 350 परीक्षार्थी, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल में 432 में से 427 परीक्षार्थी, सेंट मैरी स्कूल में 360 में से 353 परीक्षार्थी, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में 350 में से 340 परीक्षार्थी, बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में 360 में से 356, आइडियल पब्लिक स्कूल में 288 में से 282 परीक्षार्थी, जवाहर नवोदय विद्यालय में 168 में से 162 विद्यार्थी एवं ओजस ग्लोबल स्कूल में 288 में से 283 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार सभी विद्यालय में कुल 2966 विद्यार्थियों में से 2909 उपस्थित रहे। परीक्षार्थियों के उपस्थिति का प्रतिशत 98 रहा। जिला प्रशासन द्वारा सभी केन्द्रों पर पुलिस बल की समुचित व्यवस्था की गई थी । नीट के डायरेक्टर जनरल विनीत जोशी ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस परीक्षा के शहर समन्वयक पंकज कुमार जैन, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट थे। परीक्षा के समन्वयक श्री पंकज कुमार जैन ने सभी परीक्षा केंद्र के केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, सहायक केन्द्राध्यक्ष, निरीक्षक एवं सभी सहायक तथा केंद्र के कर्मचारियों को यह परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है।

# ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से महिला यात्री को मिला ट्रेन में छूटा बैग

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**खैरार स्टेशन ।** दिनांक 08/05/2023 को गाडी सं 11801 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - प्रयागराज पैसेंजर के गर्द वेद प्रकाश तिवारी को रेल मदद के माध्यम से नियंत्रण कार्यालय से सूचना मिली की विकलांग कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री %सादिया% का बैग मटौंध स्टेशन पर विकलांग कोच में रह गया है। सूचना प्राप्त होते ही खैरार स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही वेद प्रकाश तिवारी विकलांग कोच में पहुचे तथा सम्बंधित बैग जिसमें नगदी, आभूषण व मोबाइल ?ोन थी, की जानकारी प्राप्त कर अपने कब्जे में ले लिया बैग प्राप्त करने के बाद उन्होंने नियंत्रण कार्यालय को इसकी सूचना दी तथा सादिया के परिवारजन को इसकी सुपुर्दगी दी वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ल द्वारा वेद प्रकाश तिवारी की कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के लिए उनकी प्रशंशा व प्रोत्साहित किया ।



# आरएसएस की सोच पर आधारित झूठ और कपट से भरी है फिल्म केरल स्टोरी

लोगों तक तथ्यों के साथ पहुंचना चाहिए और राजनीतिक प्रचार और सच्चाई के बीच अंतर करने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए। लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि प्रचार और द्वेषपूर्ण कल्पना की कोई भी मात्रा उनके बीच एक खाई पैदा न कर सके। आरएसएस की झूठ की फैक्टरी के खिलाफ शिक्षा और एकजुटता सबसे कारगर हथियार है।

दिन-ब-दिन आरएसएस परिवार फासीवादी प्रचार के कौशल में खुद को उत्कृष्ट बनाता जा रहा है। मुसोलिनी और हिटलर से सबक सीखते हुए, बदलते समय और जगह अनुकूल उन्हें परिष्कृत करते हुए, वे कभी-कभी अपने आकाओं को भी मात दे देते हैं। 1937 में, एक फिल्म निर्माण इकाई का उद्घाटन करते हुए, बेनिटोमुसोलिनी ने आदर्श वाक्य दिया-%सिनेमा सबसे शक्तिशाली हथियार है।% उनके कदमों का अनुसरण करते हुए, एडॉल्फ हिटलर और उनके प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स ने भी फिल्म निर्माताओं को उनके स्वाद और धुन के सिनेमा का निर्माण करने के लिए राजी करने का प्रयास किया।

आरएसएस-भाजपा शासन के शुरुआती दिनों से, भारतीय नेतृत्व अपने राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कला और साहित्य की संभावनाओं का उपयोग करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। एफटीआईआई, पुणे की घटनाओं ने देश को दिखा दिया कि संस्कृति के क्षितिज को प्रदूषित करने के लिए वे कितने हठी और सुनियोजित हैं।कला और संस्कृति को दूषित करने के लिए सांप्रदायिक रूप से प्रेरित कृत्यों की एक लंबी श्रृंखला के बाद नाटक में %नाथूराम गोडसे बोल्तॉय% आया। इन सबके पीछे का उद्देश्य कला या सौंदर्यशास्त्र को बढ़ावा देना नहीं था, बल्कि कलह और घृणा के बीज बोना था।




द कश्मीर फाइल्स में जहरीला वर्णन सिनेमा के माध्यम से लोगों के दिमाग को जीतने के लिए इस युद्ध का हिस्सा था। इस तरह के कारनामों से स्नातक होने के बाद, अब वे %द केरला स्टोरी% लेकर आये हैं, जो इस श्रृंखला की सबसे जहरीली कहानी है। उनकी केरल की कहानी केरल की असली कहानी नहीं है। असली केरल कहानी प्यार और सम्मान से बुनी है, जिसे विभिन्न धर्मों के केरल के लोगों ने पीढ़ियों से आत्मसात किया है। रियल केरल स्टोरी ने राज्य को सभी मानव विकास सूचकांकों में शीर्ष रैंकिंग पदों पर पहुंचा दिया है। केरल के लोग, जो वास्तविक केरल कहानी के निर्माता हैं, ने हमेशा धर्म और जाति के बावजूद सामंजस्यपूर्ण अंतर्संबंधों को बनाये रखा है। उन महान लोगों ने हमेशा धार्मिक उग्रवाद की ताकतों को, चाहे हिंदू, मुस्लिम या ईसाई हों, अपने दैनिक जीवन से दूर रखा है। उन लोगों ने कभी भी अपने राजनीतिक दलों के लिए न्यूनतम स्थान भी उपलब्ध नहीं कराया है। यही कारण है कि आरएसएस-बीजेपी ने अपने लोगों के प्रति प्रतिशोध के साथ एक अवास्तविक केरल को चित्रित करने के लिए केरल स्टोरी का आयोजन किया। केरल स्टोरी फिल्म पूरी तरह से निराधार दावों, फर्जी खबरों और इस्लामोफोबिक प्रचार पर आधारित है, जिसका उद्देश्य वास्तविक केरल की छवि खराब करना और लोगों को धार्मिक कट्टरता के आधार पर विभाजित करना है। फिल्म के निर्माताओं ने पहले 32,000 मुस्लिम महिलाओं की कहानी का पता लगाने का दावा किया था, जो कथित रूप से जबरन या लालच देकर धर्मांतरण के बाद केरल में लापता हो गयीं और बाद में आईएसआईएस में शामिल हो गयीं। जब लोग और सच्चाई के प्रेमी उनकी हास्यास्पद रूप से बढ़ा-चढ़ाकर की गयी संख्या पर सवाल उठाने के लिए सामने आये, तो उन्हें 32,000 की संख्या को घटाकर मात्र तीन करने में कोई हिचकिचाहट नहीं हुई। यह खुद केरल स्टोरी के आरएसएस ब्रांड के खोखलेपन को दर्शाता है। ट्रेलर जानबूझकर केरल के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बयानों को गलत तरीके से उद्धृत करता है और गलत व्याख्या करता है। वी एस अच्युतानंदन द्वारा दिये गये बयान का गलत तरीके से मलयालम से अनुवाद किया गया है और फिर मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, ओमन चांडी ने कभी भी धर्मांतरण के किसी भी वार्षिक आंकड़े का उल्लेख नहीं किया और न ही उन्होंने महिलाओं के आईएसआईएस में शामिल होने या जबरन धर्मांतरण का उल्लेख किया। जाहिर है कि फिल्म कुछविश्वसनीयता हासिल करने और लोगों को गुमराह करने के लिए दोनों मुख्यमंत्रियों के बयानों को गलत तरीके से पेश कर रही है। आरएसएस के पे-रोल पर कई मीडिया और यूट्यूब चैनलों ने भी केरल के खिलाफ इसी तरह का अभियान शुरू किया है। सामान्य तौर पर केरल के लोगों ने एकजुट स्वर में राज्य को बदनाम करने के इस राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रयास का विरोध किया है। फिल्म इन महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए तथाकथित %लव जिहाद% का उपयोग करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, %लव जिहाद% ध्रुवीकरण के उद्देश्य से एक निराधार इस्लामोफोबिक साजिश सिद्धांत बना हुआ है और जो लोग इस हौवा को उठाते हैं, वे कभी भी सबूतों के साथ भी इसका समर्थन नहीं कर पाये हैं। अमित शाह के नेतृत्व वाले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गृहराज्य मंत्री जी किशन रेड्डी के माध्यम से 5 फरवरी, 2020 को संसद को बताया था कि %लव जिहाद% का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। इस सिद्धांत को भाजपा सरकार द्वारा संसद में खारिज करने के बावजूद, झूठ का कारखाना आरएसएस लोगों को इस बदनाम थ्योरी में विश्वास दिलाने के लिए ओवरटाइम काम कर रहा है। इसी तरह, सरकार और सामरिक सूत्रों के अनुसार, आईएसआईएस में लड़ाकों के रूप में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या 200 से अधिक नहीं है।

यह स्पष्ट है कि %द केरला स्टोरी% द्वारा प्रचारित किया जा रहा आख्यान स्पष्ट रूप से झूठ और तोड़-मरोड़ कर पेश किये गये तथ्यों पर आधारित है और इसका उद्देश्य नफरत को बढ़ावा देना है। यह विशेष रूप से केरल और सामान्य रूप से देश में सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खतरनाक रूप से हानिकारक है।

यहां जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण सवाल आता है। यदि कल्पना को तथ्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है तो कौन जिम्मेदार होगा? अगर झूठ, सच्चाई का स्वांग रचने से कलह और दंगे होते हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? यह सच है कि आरएसएस द्वारा नियंत्रित वर्तमान सरकार को हमारे संविधान और उसमें निहित मूल्यों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। इसके अलावा, उसे सच्चाई के लिए भी कोई नैतिक चिंता नहीं है। फिर भी, लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक सरकार को हमारे संविधान के धर्मनिरपेक्ष लोकाचार पर लोगों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है और यह जागरूकता पैदा करने के लिए भी जिम्मेदार होती है ताकि नकली समाचार और घृणित प्रचार को सच्चाई के रूप में नहीं लिया जाये। यदि भाजपा सरकार इस उत्तरदायित्व से पल्ला झाड़ रही है तो जाहिर है कि उसकी निष्ठा आरएसएस की विचारधारा के प्रति है, न कि भारत के संविधान के प्रति। हमारे देश का संकट यह है कि सरकार पूरी तरह से भाजपा की चुनाव मशीनरी में बदल गयी है, जिसके लिए केरल स्टोरी कर्नाटक चुनाव से पहले लोगों के ध्रुवीकरण का एक और मुद्दा है।

## संपादकीय

# शरद पवार ने पलटी रोटी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कुछ दिनों पहले कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है। तब उनके इस वाक्य को कई तरह से डिकोड किया गया था। किसी ने इसे एनसीपी में अजित पवार की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर लगाम कसने का संकेत माना तो किसी ने भाजपा को सत्ता से विदा करने की तैयारी माना। राजनीति में रोटी पलटने का सही अर्थ क्या है, यह कोई समझ पाता, इससे पहले शरद पवार ने एक और धमाका कर दिया। मंगलवार को अपनी आत्मकथा के विमोचन के मौके पर भाषण देते हुए अचानक उन्होंने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात कह दी। अमूमन राजनेता किसी बड़े पद से स्वेच्छा से हटने से पहले माहौल बनाते हैं। राजनीति से संन्यास, पार्टी में मतभेद, उम्र और स्वास्थ्यगत कारण आदि का हवाला देकर फिर तामझाम के साथ विदाई लेते हैं। लेकिन शरद पवार ने तो इस तरह अपने इस्तीफे का ऐलान किया, मानो कोई ये बता रहा हो कि अभी दोपहर है और इसके बाद शाम होगी। शरद पवार अच्छे से जानते हैं कि उनकी कही छोटी सी छोटी बात का भी राजनैतिक वजन होता है, फिर उन्होंने किस लिए इतने बड़े फैसले को इस तरह से व्यक्त किया, यह अब भी पहेली है। लेकिन उससे भी बड़ा सवाल ये है कि शरद पवार ने आखिर एनसीपी के अध्यक्ष पद को क्यों छोड़ा और ऐसे वक्त में यह फैसला क्यों लिया, जब महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्र की राजनीति तक उथल-पुथल मची हुई है। अभी कुछ दिनों पहले शरद पवार ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर विपक्षी एकता की कोशिशों की नयी शुरुआत की थी। कांग्रेस और राहुल गांधी से शरद पवार कई बातों पर असहमत होने के बावजूद विपक्ष को एक साथ करने की कोशिशों में जुटे तो यह माना गया कि इस बार भाजपा की जड़ें हिलाने के लिए श्री पवार दृढ़प्रतिज्ञ हैं। लेकिन इस मुलाकात के चंद दिनों बाद कारोबारी गौतम अडानी से शरद पवार ने बंद कमरे में दो घंटे मुलाकात की। इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है और इसकी उम्मीद कम ही है कि कभी इस मुलाकात का कोई खुलासा होगा। शरद पवार हमेशा से उद्योगपतियों के मित्र राजनेता के तौर पर जाने जाते रहे हैं, ये और बात है कि अब मित्रता साबित करने की नयी मिसालें देश में आ गई हैं। गौतम अडानी के कारोबार पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर देश में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री और गौतम अडानी के संबंधों पर बयान दिया। संसद सत्र इस मामले की जेपीसी जांच की मांग पर बाधित होता रहा और तब शरद पवार ने विपक्ष की राय से अलग हटकर जेपीसी जांच के औचित्य पर सवाल उठाए थे। शरद पवार के इस रवैये से भी हैरानी हुई थी। हालांकि विपक्षी एकता में इससे कोई दरार नहीं पड़ेगी, यह दावा भी किया गया था।

# चुनाव घोषणापत्र और राजनीति का स्तर

**चुनावी दंगल - 40 - 85 परसेंट भ्रष्टाचार से लेकर करप्शन परसेंट रेट कार्ड तक**

**करप्शन परसेंट मामलों पर हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतःसंज्ञान लेकर, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी**

**बड़े बुजुर्गों की कहावत, धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, इसकी गंभीरता से गहराई तक जाकर भ्रष्टाचारियों को सजा देना ज़रूरी - एडवोकेट किशन भावनानी**

गोंदिया - भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए करीब करीब हर राजनीतिक दल गंभीरता से जनता जनार्दन से हर जनसभा में दावा करते हैं कि, उनकी सरकार आई तो भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त कर जीरो टॉलरेंस कर देंगे। परंतु मेरा मानना है कि उन दलों को अपने दल की सरकार जिन राज्यों में है वहां भी अति गंभीर कढ़ाई बरतना चाहिए, ताकि प्रतिशत या परसेंट या फिर कमीशन रिपोर्ट कार्ड की नौबत ही पैदा ना हो। भारत में 10 मई 2023 को एक राज्य में चुनाव है जिसके नतीजे 13 मई 2023 को आने हैं वहां चुनावी दंगल में 40 परसेंट बनाम 85 परसेंट का जिक्र हर जनसभा में वक्ताओं द्वारा किया जाता है और एक विपक्षी पार्टी द्वारा मीडिया में विज्ञापन से कमीशन रेट कार्ड भी छपाया है, जिसका संज्ञान लेकर पक्ष पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की थी। चूंकि चुनाव आयोग द्वारा विज्ञापन देने वाली पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर 7 मई 2023 को शाम 7 बजे तक जवाब दाखिल करने की ताकीद की गई है, अन्यथा कार्यवाही की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनावी दंगल- 40 - 85 परसेंट से लेकर करप्शन रेट कार्ड तक हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी।

साथियों बात अगर हम 6 मई 2023 को देर शाम चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी करने और 7 मई को शाम 7 बजे तक जवाब मांगने की करें तो, विपक्षी पार्टी ने पक्ष सरकार को निशाना बनाते हुए अखबारों में करप्शन रेट कार्ड नाम से विज्ञापन प्रकाशित करवाया था, इस मामले में चुनाव आयोग ने पार्टी को नोटिस जारी किया है और रविवार शाम तक आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य मांगे हैं। बात यह है कि10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, विपक्षी पार्टी ने 2019 और 2023 के बीच राज्य में भ्रष्टाचार दर को सूचीबद्ध करते हुए पोस्टर और विज्ञापन जारी किए और पक्ष सरकार को ट्रबल इंजन करार दिया। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा, यह एक उचित धारणा है कि पार्टी के पास सामग्री/अनुभवजन्य/सत्यापन योग्य साक्ष्य हैं, जिसके आधार पर ये विशिष्ट/स्पष्ट तथ्य प्रकाशित किए गए हैं, एक ऐसी कार्रवाई जिसका लेखक के ज्ञान, इच्छा और ऐसा करने के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन किया जा सकता है। निर्वाचन आयोगन ने पार्टी (केपीसीसी) के अध्यक्ष से कहा कि सात मई 2023 को शाम सात बजे तक साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएं, उदाहरण के लिए विज्ञापन में उल्लिखित नियुक्तियों और स्थानांतरण, नौकरियों के प्रकार और कमीशन के प्रकारों के लिए दरों का प्रमाण, और यदि कोई स्पष्टीकरण हो तो साथ में वह भी दिया जाए। इसे सार्वजनिक मंच पर भी रखा जाए। पार्टी यदि सात मई को शाम सात बजे तक साक्ष्य साझा करने में विफल रहती है, तो उसे कारण बताना होगा कि आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम तथा भादंसं के तहत प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि विरोधी दलों की नीति एवं शासन की आलोचना संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकार के साथ-साथ भारतीय चुनावी प्रक्रिया के तहत विभिन्न राजनीतिक अदाकारों का एक आवश्यक कार्य है। आचार संहिता के प्रावधान 2 अंश 1 के मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान विरोधी पार्टी की वर्तमान और पूर्व नीतियों और मुद्दों की बात की जा सकती है, ना कि निजी जिंदगी की, जिसका जनता से कोई लेना-देना ना हो, यानि अपुष्ट और आधारहीन आरोपों पर कोई बात कहनी, करनी, प्रकाशित या प्रसारित करना आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

साथियों बात अगर हम इन चुनावी राज्य में 40 परसेंट के जोरदार दंगल की करें तो, एक ठेकेदार ने पिछले साल एक होटल में फांसी लगा ली थी, सुसाइड नोट में उसने पक्ष विधायक और ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री के पर आरोप लगाया था कि वे सरकारी ठेके में 40 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। स्टेट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने पीएम तक से इसकी शिकायत कर डाली थी। सरकार जब पर घिरने लगी तो मंत्री को पद से इस्तीफा देना पड़ा था। एसोसिएशन ने जुलाई 2021 में भी इन्हीं आरोपों को लेकर पीएम को पत्र लिखा था। जनवरी 2022 में एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि पक्ष सरकार के कई मंत्री और विधायक रिश्वत मांगते हैं। पिछले साल लिंगायत समुदाय से जुड़े मठ के संत ने भी आरोप लगाया था कि किसी संत तक अनुदान की राशि 30 प्रतिशत कमीशन के बाद ही पहुंचती है। संत के आरोपों के बाद सीएम को जांच का आश्वासन देना पड़ा था। लिंगायत समुदाय की आबादी राज्य में करीब 17 फीसदी है, जिनकी प्रदेश के चुनावों में अहम भूमिका रहती है। ऐसे में पक्ष पार्टी इस समुदाय को नाराज नहीं करना चाहती। राज्य की स्कूल एसोसिएशन ने पीएम को पत्र लिखकर राज्य सरकार में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।13 हजार स्कूल इस एसोसिएशन के जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता देने के लिए विभाग से रिश्वत मांगी जा रही है। बिना किसी लॉजिक के तर्कहीन, भेदभावपूर्ण और गैर-अनुपालन मानदंड केवल गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू किए जा रहे हैं, इस कारण बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस लेटर में उन्होंने पक्ष पार्टी के दो मंत्रियों पर शिक्षा का व्यवसायीकरण करने का भी आरोप लगाया था।

साथियों बात अगर हम 85 परसेंट के आरोप की करें तो विपक्षी पार्टी के एक पूर्व प्रधानमंत्री के एक बयान एक रुपया निकलता है और हितधारकों तक 15 पैसे पहुंचता है इस वाक्यात वाली बात को टीवी चैनलों के माध्यम से हम रोज देख रहे हैं कि माननीय पीएम सहित हर स्टार प्रचारक और अन्य प्रचारकों द्वारा इस मामले को जोर-शोर से उठाया जा रहा है। शनिवार दिनांक 6 मई 2023 को भी अनेक जनसभाओं में माननीय पीएम द्वारा इस मुद्दे को उठाया जिसे आम जनता द्वारा जनसभाओं में उपस्थित होकर तथा टीवी चैनलों के माध्यम से भी सुना, इसलिए मेरा मानना है कि हर राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होने देने के लिए सुशासन के पहिए की रफ्तार काफी तेज करनी होगी।

अतः अगर हम उपरोक्त बोले और उनका अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चुनावी दंगल - 40 - 85 परसेंट भ्रष्टाचार से लेकर करप्शन परसेंट रेट कार्ड तक करप्शन परसेंट मामलों पर हर राजनीतिक दल द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता दिखानी होगी। बड़े बुजुर्गों की कहावत, धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, इसकी गंभीरता से गहराई तक जाकर भ्रष्टाचारियों को सजा देना ज़रूरी है।




**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## चमचागिरी

हुनर पर जो विश्वास नहीं करते,
किसी की खुशामद पर जो पलते,
मुंह मियां मिट्ठू बनने और बनाने की फिराक,
इधर -उधर भटक कर छानते जो खाक,
शॉर्ट कट से जीवन में आगे बढ़ना चाहते,
नहीं जरा सा भी सिर को खपाते,
करते हैं मेहनत से ऐसे लोग किनारा,
कुछ लोग लेते हैं चमचागिरी का सहारा।
साध कर उल्लू ऊँचे पद पर बैठते,
नहीं शर्म साख की तलवे हैं चाटते,
गिड़गिड़ा कर हाथ जोड़कर करते गुमराह,
कर्म के प्रति भले ही रहते लापरवाह,
छोटे पदों से लेते मनमाने काम,
चापलूसी में बड़े पदों को करते रहे सलाम,
बिना काम किए सबकुछ पाने का नारा,
कुछ लोग लेते हैं चमचागिरी का सहारा।
बिना सिर पैर बन जाता बातूनी,
समय पाकर खेलता है खेल खूनी,
स्वार्थपन में लगाता सपनों की झड़ी,
नहीं पल्ले कुछ बातें हैं बड़ी-बड़ी,
मुखौटों से भरा रहता उसका चेहरा,
कर्म करने पर वह बन जाता बहरा,
वक्त के हिसाब से बदलते हैं पारा,
कुछ लोग लेते हैं चमचागिरी का सहारा।
यह जनता सब कुछ है जानती,
आंखें बंद कर कुछ नहीं मानती,
सत्य को दीर्घकाल तक मुश्किल छुपाना,
समय पर तथ्यों का स्वयं सामने आना,
खुद पर रखकर भरोसा जो आगे बढ़ता,
वही है कर्मवीर जो अकेला चलता,
मन के घोड़ों को न कर आवारा,
कुछ लोग लेते हैं चमचागिरी का सहारा।



**डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़**

# कब गीता ने ये कहा, बोली कहाँ कुरान, करो धर्म के नाम पर, धरती लहूलुहान

**(राजनीति में धर्म आधारित लामबंदी साम्प्रदायिकता को दे रही चिंगारी, सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों को रोजमर्रा की जिंदगी में काउंटर करने की जरूरत)**



साम्प्रदायिकता हमारे देश में लोकतंत्र के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक थी और अब भी है। सांप्रदायिकता विभिन्न रूप ले सकती है जैसे बहुसंख्यक प्रभुत्व, धार्मिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता, और धार्मिक रेखाओं के साथ राजनीतिक लामबंदी। साम्प्रदायिक सोच अक्सर अपने स्वयं के धार्मिक समुदाय के राजनीतिक प्रभुत्व की खोज की ओर ले जाती है। हमारे संविधान निर्माताओं को इस चुनौती के बारे में पता था और इसलिए उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राज्य मॉडल को चुना। इसके अलावा सांप्रदायिक पूर्वाग्रहों और प्रचार को रोजमर्रा की जिंदगी में काउंटर करने की जरूरत है और राजनीति के क्षेत्र में धर्म आधारित लामबंदी का मुकाबला करने की जरूरत है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

साम्प्रदायिकता इस धारणा पर आधारित है कि भारतीय समाज धार्मिक समुदायों में बंटा हुआ है, जिनके हित न केवल भिन्न हैं, बल्कि एक-दूसरे के विरोधी भी हैं। यह धर्म से जुड़ी एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है। हालाँकि, सांप्रदायिकता राजनीति के बारे में है, धर्म के बारे में नहीं। हालांकि सांप्रदायिकतावादी धर्म के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं, व्यक्तिगत आस्था और सांप्रदायिकता के बीच कोई जरूरी संबंध नहीं है। साम्प्रदायिकता की विशिष्ट विशेषताओं में से एक इसका दावा है कि धार्मिक पहचान बाकी सभी चीजों से ऊपर है। भारत में साम्प्रदायिकता के बने रहने के लिए उत्तरदायी कारक केवल एक नहीं है। ऐतिहासिक तौर पर देखे तो अंग्रेजों ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार पैदा करके राष्ट्रवादी आकांक्षाओं को कमजोर करने के लिए फूट डालो और राज करो की नीति का इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप दो समूहों के बीच सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया और यह माना जाता है कि भारत में ब्रिटिश शासन के जारी रहने के दौरान ही हिंदू-मुस्लिम विभाजन हुआ। भारत का विभाजन इसी नीति का अंतिम परिणाम था।

आजादी के बाद बनी रही सामाजिक-आर्थिक असमानता की खाई गहरी होती गई और जीवन की सामाजिक-आर्थिक आवश्यकता के प्रयोजन के लिए बहुसंख्यक समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच आंतरिक तनाव और तनाव भी सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देता है। बड़े पैमाने पर गरीबी और बेरोजगारी लोगों में निराशा की भावना पैदा करती है। दोनों समुदायों के बेरोजगार युवाओं को धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा आसानी से फंसाया जा सकता है और उनके द्वारा सांप्रदायिक दंगों के लिए उपयोग किया जाता है। कट्टरवाद और सांप्रदायिकता में कुछ वैचारिक तत्व समान हैं। दोनों राजनीति और राज्य से धर्म को अलग करने की अवधारणा पर हमला करते हैं। दोनों ही सभी धर्मों में समान सत्य की अवधारणा के विरोधी हैं। यह धार्मिक समरसता और सहिष्णुता की अवधारणा के विरुद्ध है। राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण होने से भारत में चुनावी राजनीति अधिक खर्चीली और प्रतिस्पर्धी हो गई है। राजनीतिक दल चुनावी जीत के लिए उचित या गलत किसी भी साधन का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यहां तक कि वे साम्प्रदायिक तनाव भी पैदा करते हैं और इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए, एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण, भारत में साम्प्रदायिकता के विकास को समर्थन दे रहा है। सांप्रदायिक विचारधाराओं, विभिन्न समुदायों के व्यवहार और प्रतिक्रियाओं को फैलाने में मीडिया की भूमिका काफी शक्तिशाली रही। लगभग हर बड़े साम्प्रदायिक दंगे में मीडिया द्वारा समर्थित अफवाहें भूमिका निभाती हैं। उदाहरण के लिए- 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे इस बात का एक प्रमुख उदाहरण हैं कि सांप्रदायिक तनाव के दौरान सोशल मीडिया कैसे सक्रिय भूमिका निभा सकता है।साम्प्रदायिकता की समस्या को और भी बदतर बनाने में राज्येत्तर तत्वों समेत बाहरी तत्वों का हाथ है। उनका मकसद अस्थिरता का माहौल बनाना और अल्पसंख्यक समुदाय की सहानुभूति हासिल करना है। सांप्रदायिकता की समस्या को दूर करने के लिए आज देश को मूल्य आधारित शिक्षा की अहम जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से करुणा, धर्मनिरपेक्षता, शांति, अहिंसा और मानवतावाद जैसे मूल्यों को प्रदान करने और समाज में वैज्ञानिक सोच का निर्माण करने पर जोर दिया जाना चाहिए। आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार वक्त की मांग है; विशेष रूप से सांप्रदायिक हिंसा से उत्पन्न आपराधिक न्याय प्रणाली की अक्सर आलोचना की जाती रही है। पुलिस प्रक्रियाओं और प्रथाओं में सुधार के लिए उपाय किए जाने चाहिए और समय पर न्याय दिलाने के लिए विशेष जांच और अभियोजन एजेंसियों की स्थापना की जानी चाहिए। वैचारिक पूर्वाग्रह को दूर करना ऐसे समय फायदेमंद रहता है और न्यूज चैनल लोगों के विचारों और मानसिकता को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, इसलिए जब वे एक समुदाय या धर्म के प्रति पक्षपाती होते हैं, तो इससे उन न्यूज चैनलों को देखने वाले लोगों के दृष्टिकोण में पूर्वाग्रह विकसित हो सकते हैं। इसलिए मीडिया को दर्शकों के सामने संतुलित राय पेश करने पर ध्यान देना चाहिए। सामाजिक और सांस्कृतिक मिलन को सुगम बनाने के लिए त्योहारों, उत्सवों और सामाजिक समारोहों की व्यवस्था करके विभिन्न संस्कृतियों को समझने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। धर्म के आधार पर यहूदी बस्ती और भौगोलिक अलगाव को रोकना, अंतर-धार्मिक विवाहों को बढ़ावा देना आदि को लिया जाना चाहिए। सांप्रदायिक जागरूकता पैदा करने में नागरिक समाज, गैर-सरकारी संगठन सांप्रदायिक जागरूकता पैदा करने, मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने और सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों को विकसित करने के लिए सरकार के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। अतीत की विरासत का प्रसारण कर के देशवासियों को इतिहास के उन गौरवमयी क्षणों की याद दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए जिनमें राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए हिन्दू, मुस्लिम और सिक्ख एक साथ थे। इसके अलावा, लोगों को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि भारत की विविधता ने देश के लिए एकता के स्रोत के रूप में कैसे काम किया है। समान नागरिक संहिता को सिद्धांत को संविधान के अनुच्छेद 44 में निर्धारित किया गया है। यूसीसी के बिना, यह देखा गया है कि प्रत्येक समुदाय के अलग और परस्पर विरोधी हित हैं। इसे लागू करने से धार्मिक मतभेदों को कम करने में मदद मिल सकती है। साम्प्रदायिकता हमारे देश में लोकतंत्र के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक थी और अब भी है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण में चिन्हित 67 सेवाओं के लाभ से कोई भी पात्र न छूटे : कलेक्टर

## 10 मई से 25 मई तक सभी जनपदों, निकायों के साथ ही मैदानी कार्यालयों में लगेंगे शिविर

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम जेपी सैयाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आयोजित समय सीमा पत्रों की बैठक में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण 10 मई से प्रारंभ होगा। अभियान में चिन्हांकित 67 सेवाएँ नागरिकों को प्रदान करने वाले सभी मैदानी कार्यालयों में सेवा प्रदान शिविर लगाये जाएंगे। यह अभियान 25 मई तक जारी रहेगा। जिसमें 10 मई से 25 मई तक 15 दिवस की अवधि में सभी ब्लॉक एवं निकाय मुख्यालय के साथ ही एसडीएम व तहसील कार्यालय, पंचायतों सहित अन्य मैदानी कार्यालयों में भी शिविर लगाकर आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में चिन्हांकित 67 सेवाओं के



जो आवेदन ऑनलाईन या ऑफलाईन संबंधित कार्यालयों में अभियान प्रारंभ होने के पूर्व लंबित हैं, उनका निराकरण अभियान के दौरान किया जाए तथा प्रत्येक दिन के निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए। अभियान अवधि में प्राप्त निर्धारित सेवाओं के आवेदनों का निराकरण भी पोर्टल में दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में आने वाले आवेदकों के लिए बैठक एवं पेयजल आदि की उपयुक्त व्यवस्था करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि अभियान समाप्ति के बाद चिन्हांकित 67 सेवाओं का कोई भी पात्र आवेदन शेष न रहे। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अभियान की रिपोर्टिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों में फ्लैक्स, बैनर लगाने एवं अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करने निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत आपत्ति प्राप्त करने, आधार लिंकिंग एवं डीबीटी इनेबल्ड करने के कार्य की जनपद एवं निकायवार समीक्षा कर आधार लिंकिंग एवं डीबीटी इनेबल्ड करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की विभागवार विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत समस्त नगरीय निकायों एवं जनपद में संपूर्ण तैयारियां एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

# थाना अजाक में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमती सुरभि मिश्रा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार तथा हिमांशु कौशल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में थाना अजाक, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विशाल खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट, भिण्ड द्वारा विशेष सप्ताह अंतर्गत बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, श्रमिकों के अधिकार आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी पूर्ण रूप से निषेध है तथा यदि कोई व्यक्ति किसी बालक से श्रम करवाता है तो उसे कानून द्वारा सजा का प्रावधान है साथ ही उन्होंने बताया कि बंधुआ मजदूरी की प्रथा को भी संविधान द्वारा समाप्त किया गया है तथा बंधुआ मजदूरी में संलिप्त व्यक्ति को कठोर कारावास की सजा एवं आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। उक्त अवसर पर उपस्थित सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, भिण्ड द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी मजदूर व मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति का



विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही टोल फ्री नं. 15100 पर भी सम्पर्क कर विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त अवसर पर थाना प्रभारी थाना अजाक, भिण्ड, सुमित यादव पीएलव्ही, भिण्ड तथा थाना स्टॉफ एवं आमजन उपस्थित रहे।

# समर कैंप में पुलिस परिवार के बच्चे बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक ले रहे हैं, भाग

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिदेशक भोपाल म. प्र. के निर्देशन में पुलिस कर्मचारियों के बच्चों के शैक्षणिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु सचांलित कार्य योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत आज दिनांक 07/05/2023 को शाम के 4 से 6 बजे तक पुलिस लाईन भिण्ड (खेल समर कैम्प में मनोरंजन, खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की उपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित जिला पुलिस बल भिण्ड के 120 एवं 17 वी वाहिनी विसबल भिण्ड के 32 बच्चों सहित 05 से 20 वर्ष तक आयु वर्ग के कुल 142 बच्चे / छात्र उपस्थित रहें। आज के कार्यक्रम में जूडो कराटे, रस्साकसी स्पून रेस नीबू जलेबी जम्प, वॉलीबाल मैच, चेयर रेस, 50 मी. दौड़, बेग (बोरा) रेस, आदि की खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया। उक्त खेलों के विधिवत आयोजन एवं निर्णय हेतु खेल एवं



युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक अनिल श्रीवास, चेतन, साधना तोमर, प्रमोद, बृजबाला यादव तथा नीरज सिंह बघेल द्वारा उपस्थित रहकर अपना योगदान दिया गया। उपरोक्त खेल प्रतियोगिताओं के अलावा बच्चों के मनोरंजन हेतु परेड ग्राउण्ड पर मिक्की माउस, कारझूला, रिमोटकार, जम्पिंग नेट हाउस एवं छोटे बच्चों के लिये कुछ प्लेग्रुप की गतिविधियों का आयोजन भी किया जाकर बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। आयोजन में आकांक्षा जैन उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अरविंद शाह उप पुलिस अजाक जिला भिण्ड, नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी, महिला शाखा डीएसपी पूनम थापा, शहर कोतवाली निरीक्षक शिव सिंह यादव देहात थाना निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह यातायात निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार एवं पुलिस लाइन के सूबेदार अखिलेश शर्मा, इन्द्रपाल सिंह राठौर, आदित्य मिश्रा तथा 17 वी वाहिनी से सूबेदार मेजर बाबूलाल पटेल, सउनि नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# जिन्हें उन्होंने धपिया दिया वे संपादक बन गए

## 80 वर्ष के युवा महेश श्रीवास्तव को बधाई देने भोपाल पहुंचे उनके अनेक शिष्य

**रघुवर दयाल गोहिया, भोपाल/सीहोर।** रविवार को भोपाल के मालवीय नगर के एमएलए रेस्ट हाउस स्थित शुभ इन रेस्टोरेंट में श्री महेश श्रीवास्तव के शिष्यों ने एक शाम महेश जी की छांव में÷ नाम से अनूठा आयोजन किया। इसके आयोजक वरिष्ठ पत्रकार भाई रवींद्र जैन थे। 80 बरस के श्री श्रीवास्तव के सानिध्य में काम करने वाले उनके अनेक शिष्य इस आयोजन में उपस्थित थे जिन्होने अपने गुरु का श्रद्धा पूर्वक मान सम्मान किया। जब महेशजी के बोलने की बारी आई तो वह भी बहुत भावुक हो गए। अपने पूज्य पिता और माताजी को याद करते हुए उनका गला अवरुद्ध हो गया। खुद को सम्हालते हुए उन्होंने अपने संपादकीय कार्यकाल के अनेक रोचक प्रसंग सुनाए। मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा, सुंदरलाल पटवा सहित दिग्विजय सिंह से अपने संबंध, काम की चुनौती और उनका निर्वहन कैसे किया यह भी उन्होंने बताया। उन्होंने कहा कि अगर आप में सत्य और निष्ठा है तो किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है।




उनका कहना था कि मेरे अनेक स्थानों पर सम्मान के कार्यक्रम हुए हैं लेकिन जी सम्मान आज मेरे शिष्यों किया है वह सबसे अनूठा और सर्वोपरि है। मैंने कई बार आप लोगों को डांटा और धपियाया है। हो सकता है कि कई बार आपको बुरा भी लगा होगा, लेकिन मैं बाहर से कठोर हो सकता हूं, भीतर से बहुत मुलायम हूं। जितना ध्यान आपने मेरा रखा है उतना ही ध्यान आप आपस में रखोगे तो मुझे बहुत खुशी होगी। कार्यक्रम में भोपाल, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), और सीहोर से बड़ी संख्या में उनसे जुड़े पत्रकार साथी उपस्थित थे। इनमें विनोद तिवारी, अलीम बझ्मी, आनंद पांडे, अरविंद शीले, रवि उपाध्याय, सुरेश समाधिया, रेवाशंकर शर्मा भेरुन्दा, प्रवीण बौद्ध आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर सभी ने पुष्प माला, गुलदस्ता, शॉल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर अपने पितृतुल्य संपादक श्री श्रीवास्तव का सम्मान किया। सीहोर से वरिष्ठ पत्रकार श्री रामनारायण ताम्रकार, सुरेश समाधिया और रघुवर दयाल गोहिया ने भी महेश श्रीवास्तवजी जी का सम्मान किया। कार्यक्रम का कुशल और सफल संचालन आरिड़ मिर्जा ने किया। अंत में सभी का आभार रवींद्र जैन ने व्यक्त किया।

# नव-नियुक्त शिक्षकों को ज्वाइनिंग के लिए अंतिम अवसर

## अभ्यावेदन के साथ 10 मई तक लोक शिक्षण संचालनालय में होना होगा उपस्थित

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक नव-नियुक्त शिक्षकों के लिए जारी नियुक्ति आदेश में 15 दिवस की समयावधि में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश थे। इसके बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले नव-नियुक्त शिक्षकों के संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थियों को उनके पदांकित जिले में 27 अप्रैल 2023 तक कार्यभार ग्रहण करने के लिए अंतिम रूप से सूचित किया गया था। कुछ नव-नियुक्त शिक्षकों द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है। ऐसे सभी नव-नियुक्त शिक्षक, जिन्होंने 27 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है और न ही उनके द्वारा ज्वाइनिंग की समय-सीमा में वृद्धि की अनुमति प्राप्त की है, उन्हें अंतिम रूप से सूचित किया गया है कि यदि वे ज्वाइन करना चाहते हैं तो 10 मई 2023 तक शासकीय कार्य दिवस में लोक शिक्षण संचालनालय,भोपाल में विलंब के कारण सहित अभ्यावेदन के साथ उपस्थित हो सकते हैं। आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि 10 मई तक उपस्थित न होने वाले नवनियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति आदेश स्वमेव निरस्त माने जाएंगे और उसके बाद उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे नव-नियुक्त प्राथमिक शिक्षक, जिन्होंने नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उन्हें विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक नियोजन 2023 के लिए जारी विज्ञापन 26 नवंबर 2022 के क्रम में जारी चयन प्रक्रिया में भी शामिल नहीं किया जाएगा।

# नवांगत थाना प्रभारी ने संभाला चार्ज जनता के साथ बेहतर समन्वय कर सुदृढ़ कानून व्यवस्था प्रथम लक्ष्य: संतोष भार्गव

दिनारा/सुमित नीखरा मोनू-दिनारा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी संतोष भार्गव ने कार्यभार संभालने के पश्चात सभी चौकी प्रभारियों एवं बीट अधिकारियों की विशेष बैठक ली। इस बैठक के दौरान उन्होंने जहां लंबित केसों



का शीघ्र निपटान करने के आदेश दिए, वहीं उन्होंने आपराधिक घटनाओं पर कड़ी नजर रखने के भी आदेश दिए। निवर्तमान थाना प्रभारी रामराजा तिवारी को अमोला थाना पदस्थापना की जिला पुलिस कप्तान रघुवंश सिंह जी ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पदस्थापना की है। थाना प्रभारी ने सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि के समय गश्त बढ़ाने के अलावा आम जनमानस के सहयोग से गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के लिए हिदायतें दी। उन्होंने बताया कि किसी भी गांव में चोरी की घटना न घटे, इस की दृष्टि से चौकी प्रभारी व बीट अधिकारी समय-समय पर अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे और इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की अहम बैठक बुलाकर गांव में ठीकरी फहरा लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे। थाना प्रभारी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि जिला पुलिस कप्तान के सख्त आदेश है कि क्षेत्र में किसी प्रकार की नशे की तस्करी नहीं होनी चाहिए, इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि नशों की सप्लाई करने वालों पर कड़ी नजर रखें। अगर किसी भी क्षेत्र में नशे आदि की बिक्री होती है तो उस क्षेत्र में तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने नशों के बचाव को लेकर समय-समय पर अपने क्षेत्रों में विशेष सभाएं करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ऐसी असमाजिक बुराई से बचाया जा सके और जो युवा नशे में संलिप्त है, उसे मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इस बैठक के दौरान उन्होंने सभी चौकी प्रभारियों व बीट अधिकारियों के लंबित मामलों को लेकर विशेष समीक्षा की और इन मामलों के निपटान करने के आदेश भी दिए। और कहा दिनारा से मेरा पुराना संबध है। कहा की पुलिस की ड्यूटी 24 घंटे की होती है लेकिन हम यह 24 घंटे को 48 घंटे में बदलेंगे तभी अंचलों का अपराध कम होगा और पीड़ितों को थाने पर न्याय मिल जाए तो पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ेगा एवं मेरे क्षेत्र में कोई ऐसी घटना ना घटे इसके लेकर मेरे पूरा प्रयास रहेगा पुलिस को हर पहलूओ पर समाज के चौथा स्तंभ (पत्रकारों) का साथ चाहिए।

# नारी चेतना मंच एवं कल्पना कल्याण समिति ने दुष्कर्म के आरोपी सांसद की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की

## दिल्ली पुलिस की भूमिका, जबरा मारे रोने ना दे वाली

**रीवा।** नारी चेतना मंच एवं कल्पना कल्याण समिति के द्वारा जारी एक संयुक्त विज्ञप्ति में यौन शोषण का शिकार बनीं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला पहलवानों के दिल्ली के जंतर मंतर में जारी धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए दर्ज एफ आई आर के नामजद आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीड़ित महिला पहलवानों को न्याय की लड़ाई में एफ आई आर कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक दस्तक देनी पड़ी जिसके चलते द्ध.द्ध.ह्न तो हो गई लेकिन अभी तक आरोपी बाहुबली सांसद की गिरफ्तारी नहीं होने से चारों तरफ उसके आतंक का माहौल बना हुआ है। दिल्ली पुलिस का रवैया आंदोलनकारियों के लिए जबरा मारे रोने ना दे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। नारी चेतना मंच के संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, श्रवण प्रसाद नामदेव, कल्पना कल्याण समिति के भानु प्रताप सिंह, राजकली पटेल, डॉ निशा पटेल, मधु सिंह, डॉ भावना पांडे, निशा पांडे, रामलाल साकेत, इंजी. जी पी विश्वकर्मा, अच्छेलाल सिंह , एलबी कुशवाहा ने कहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला पहलवानों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, ऐसी स्थिति में मोदी सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के बढ़-चढ़कर किए जा रहे दावे दिखावटी हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय अखाड़े पर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बनीं पहलवान महिलाएं आज न्याय के लिए देश की राजधानी दिल्ली की सड़क पर बैठने को मजबूर कर दी गई हैं। पहलवान महिलाओं की लड़ाई पूरी तरह सही है। इनकी न्यायपूर्ण लड़ाई से देश की इज्जत पर किसी तरह का बट्टा नहीं लगा बल्कि पूरे देश की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। वहीं यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को सत्ता संरक्षण मिलने से पूरी दुनिया में मोदी सरकार की बदनामी हो रही है। देखने में आता है कि महिलाओं के साथ होने वाले अधिकांश दुष्कर्म के मामलों को महिलाओं की बदनामी की बात जोड़कर दबा दिया जाता है। इस मामले को भी लंबे समय तक दबाया जाता रहा , आखिरकार सिर के ऊपर से पानी गुजरने के कारण यह मामला महिलाओं की अस्मिता की लड़ाई बनकर जन जन तक पहुंच गया है। नारी चेतना मंच एवं कल्पना कल्याण समिति की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश पर पहलवान लड़कियों के यौन शोषण मामले पर हुई द्ध.द्ध.ह्न पर अभी तक आरोपी भाजपा सांसद की गिरफ्तारी नहीं होने से भारतीय न्याय व्यवस्था का खुलेआम क्रूर मजाक बन रहा है । आरोपी भाजपा का सांसद बृजभूषण शरण सिंह कह रहा है कि उसके खिलाफ एक भी सबूत हो तो बताएं , जबकि उसके खिलाफ सबूतों की कमी नहीं है। अदालती मामला तभी आगे बढ़ेगा जब आरोपी बृजभूषण की गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सबूत तो अदालत में दिए जाएंगे। यह भारी विडंबना है कि जिस दुष्कर्मी को जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए , वह अभी भी मीडिया साक्षात्कार दे रहा है। न्याय की इस लड़ाई में आखिरकार वह कब तक बचकर रहेगा। पूरा देश पीड़ित महिला पहलवानों के साथ खड़ा है। उन्हें न्याय मिलकर रहेगा। पाप का घड़ा तो एक दिन फूटता ही है।

# महिला सुरक्षा शाखा एवं महिला थाना पुलिस ने काउंसलिंग कर पति-पत्नि को मिलाया

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक पूनम थापा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8/5/2023 को आवेदिका श्रीमती कविता पुत्री माताप्रसाद राठौर उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 11 खटीक मोहल्ला सेवढा जिला दतिया हाल निवासी वार्ड नं. 1 लहार थाना लहार जिला भिण्ड एवं अनावेदक पति गोलू राठौर पुत्र स्व. मुन्नालाल राठौर उम्र 24 साल निवासी सेवढा जिला दतिया का 1 - 2 माह के विवाद पर से आपसी समझौता कराया। जिसमे आवेदिका ने कहा कि मेरा पति गोलू राठौर आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मेरी मारपीट करता है। तब आवेदिका द्वारा परेशान होकर महिला थाना भिण्ड मे आवेदन पत्र दिया। इन विवादों के कारण पति पत्नी अलग अलग रह रहे थे । आवेदिका द्वारा दिये गये शिकायती आवेदन पर आज दिनांक 8/5/2023 को महिला थाना भिण्ड में दोनो पक्षों की काउन्सलिंग कराई गई जिसमे अनावेदक पति पति गोलू राठौर पुत्र स्व. मुन्नालाल राठौर ने कहा कि मैं भविष्य मे कभी अपनी पत्नी के साथ मारपीट नहीं करूंगा और न ही अतिरिक्त दहेज की मांग करूंगा। जिस कारण आवेदिका पत्नि अपने पति के साथ खुशी-खुशी जाने को तैयार हो गई। उक्त प्रकरण में पति-पत्नी ने एक दूसरे को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बेहतर जीवन जीने की कसमें खाई। उपनिरीक्षक गीता सिकरवार,प्रधान आरक्षक बृजराज सिंह,कार्यालय प्रधान आरक्षक रामजी अरेले,महिला प्रधान आरक्षक रीता तोमर,महिला आरक्षक कल्पना जयंत आरक्षक रोहिताश सिंह जाट, आरक्षक चालक दीपक तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

बृजभूषण बोले- बजरंग-विनेश का खेल खत्म हो चुका

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा- 12 साल में किसी पर बुरी नजर नहीं डाली

**पानीपत।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर पहलवानों के समर्थन में खापों की महापंचायत के बीच भारतीय कुश्ती संघ (ड्डस्नढ्ढ) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में बृजभूषण सिंह खाप नेताओं से कह रहे हैं कि बच्चे गलती करते हैं, आप न करो। बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट का खेल खत्म हो चुका है। जिस दिन दिल्ली पुलिस की जांच पूरी होगी और मैं दोषी पाया गया तो मैं आप सबके बीच खुद आऊंगा। आप सब जूते मार-मार कर मेरी हत्या कर देना। 36 मिनट 9 सेकेंड का ये वीडियो बृजभूषण सिंह ने अपनी कार में शूट किया है। अपने फेसबुक पेज पर अपलोड वीडियो में बृजभूषण ने कहा कि मैं सांसद हूं और मुझे कुश्ती अध्यक्ष के रूप में भी लोग जानते हैं। मैं अभी दिल्ली से लखनऊ घर जा रहा हूं। मैं हरियाणा के विशेषकर जाट समाज और पश्चिमी यूपी के जाट समाज के खाप पंचायतों के बुजुर्गों को राम-राम करता हूं। विशेष उन्हें जिनके बच्चे पहलवानी करते हैं। वैसे मेरा वीडियो बनाने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन फिर लगा कि मेरी बात भी आप तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं बहुत तैयारी करके वीडियो नहीं बना रहा हूं। अभी गाड़ी में बैठा तो सोचा कि अपनी



बात बुजुर्गों तक पहुंचाऊं। एक कविता है, बात ऐसी करो जिसका आधार हो...जिसमें सिद्धांत हो। दादा-ताऊ-चाचा, मेरे ही बच्चे मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। वे यह भी नहीं बता पा रहे कि कौन-सा दिन है, कौन-सी तारीख थी, कौन-सा समय था। मैं क्या कहूं...कैसी कहानी बनाई? क्यों बनाई? बाद में आपको पता चलेगा। बृजभूषण सिंह ने कहा, यह लड़ाई इन बीत चुके पहलवानों से है। यह लड़ाई आपके जूनियर बच्चों के लिए लड़ रहा हूं। इनको द्रोणाचार्य, पद्मश्री, अर्जुन अवार्ड, सब मिल चुका। लेकिन जो गरीब परिवार से निकलकर ओलिंपिक जाने का सपना लेकर चल रहे हैं। जो परिवार बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपनी जरूरतों में कटौती करके, कर्जा लेकर बादाम-घी का इंतजाम कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि यह लड़ाई आपके बच्चों की है। बृजभूषण ने वीडियो में कहा कि हम यह नहीं कहते कि आप दिल्ली न आओ। जो दिल में आए वह करो। हमारी बात भी मत मानो लेकिन अगर आपकी कोई बिटिया पहलवानी करती हो तो 1 मिनट अकेले में बुलाकर उससे पूछ लेना। कोई बच्चा पहलवानी करता हो तो 1 मिनट अकेले में बुला करके पूछ लेना। अगर बृजभूषण के ऊपर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वह सही हैं तो जो इच्छा हो, कर देना। यह मेरा अहंकार नहीं बोल रहा। मेरे सामने कौन है? मैं नहीं जानता, लेकिन मैं अपने आपको जानता हूं। बृजभूषण ने कहा, मैंने पहले दिन कहा था कि मेरा एक भी गुनाह अगर साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मामला दिल्ली पुलिस के पास विचाराधीन है, इसलिए खुलकर नहीं बोल सकता। मेरी उम्र 65 साल हो गई है। मैंने जिंदगी का हर सुख-दुःख, उतार-चढ़ाव देख लिया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की मैं इज्जत करता हूं, लेकिन उन्हें हुड्डा परिवार ने उन्हें गुमराह किया। जब उन्हें सच्चाई पता लगेगी तो वह खुद पर नहीं, बल्कि भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा पर गुस्सा होंगी।

# सात हजार रन महज एक उपलब्धि, कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूं : कोहली

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली शनिवार को आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) इतिहास में 7000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए, लेकिन इस सुपरस्टार बल्लेबाज के लिए यह उनके शानदार करियर की %एक और' उपलब्धि भर ही है। कोहली ने इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद कहा कि वह विनम्रता के साथ कड़ी मेहनत करना जारी रखना चाहते हैं। कोहली ने यहां फिरोजशाह कोटला मैदान में सत्र का अपना छठा अर्धशतक लगाया। उनकी 46 गेंद में 55 रन की पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चार विकेट पर 181 रन बनाये। इस मैदान से क्रिकेट की अपनी यात्रा शुरू करने वाले कोहली ने आईपीएल प्रसारकों से कहा,



मैं अपनी टीम के लिए जो करने की कोशिश कर रहा हूं उस यात्रा के दौरान 7000 रन सिर्फ एक और उपलब्धि है। जब आप अपनी टीम के लिए कुछ करने की कोशिश करते हैं तो यह एक अच्छा नंबर होता है। कोहली ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद अपने 233वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। इस मैच से पहले उनके नाम 6,988 रन थे। कोहली ने कहा, मैं विनम्रता के साथ कड़ी मेहनत जारी रखना चाहता हूं। कोहली का परिवार और उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। उन्हें मैच से पहले अपने कोच के पैर छूते देखा गया। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, यह एक विशेष क्षण है ज् मेरा परिवार यहां है, मेरे कोच यहां हैं, क्रिकेट मेरे जीवन का एक हिस्सा है। मैं यहां अपने नाम पर एक पवेलियन पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने यहां अपनी यात्रा शुरू की और यहीं से दिल्ली के लिए खेलना शुरू किया। इस 34 साल के दायें हाथ के बल्लेबाज ने कहा, मैंने इन उपलब्धियों के बारे में कभी नहीं सोचा था। मै इन सबके लिए आभार जताना चाहूंगा।

# कोहली की पारी से टी20 में एंकर की घटती भूमिका फिर चर्चा में

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली की इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 46 गेंदों पर खेली गई 55 रन की पारी से टी-20 प्रारूप में पारी संवारने वाले बल्लेबाजों यानि एंकर की घटती भूमिका को लेकर फिर से बहस शुरू हो गई है। कोहली की इस पारी के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली ने फिल सॉल्ट की बड़ी अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 गेंद शेष रहते ही यह मैच जीत लिया था। आरसीबी का मध्यक्रम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है और ऐसे में कोहली का आखिर तक टिके रहने का रवैया सही माना जा सकता है लेकिन इससे उनकी टीम को कम से कम 20 रन का नुकसान हुआ जो कि फिरोज शाह कोटला में उनकी टीम के लिए विजयी स्कोर हो सकता था। कोहली ने पहली 18 गेंदों पर



केवल 19 रन बनाए थे। इससे साफ जाहिर होता है कि टीमों को अगर पावर प्ले में अच्छा स्कोर बनाना है तो उसे आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी। ऐसे में पारी सवारने वाले बल्लेबाजों की भूमिका गौण हो जाती है। दिल्ली के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग इस सत्र के शुरू में टी20 में एंकर की भूमिका पर संदेह व्यक्त कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा था,मेरा मानना है कि अगर आपके पास आक्रामक और पावरफुल बल्लेबाज हैं तो वह एंकर की भूमिका निभाने के लिए अपना खेल बदल सकते हैं लेकिन पारी संवारने वाले की भूमिका निभा रहा बल्लेबाज बमुश्किल ही 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाएगा। इस साल अगर कोई खिलाड़ी ऐसा कर सकता है तो वह अजिंक्य रहाणे है। पोंटिंग ने कहा मुझे लगता है कि एंकर की भूमिका घटती जा रही है। यह क्रीज पर उतरने वाले बल्लेबाज पर निर्भर करता है क्योंकि कई बार आपको वैसी शुरुआत नहीं मिलती जैसे आप चाहते हैं और ऐसे में आपको अपनी भूमिका बदलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दोहा डायमंड लीग में स्वर्ण जीतने पर दी नीरज चोपड़ा को बधाई

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के दोहा डायमंड लीग 2023 जीतने पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट में कहा, नीरज चोपड़ा जीत गए! 88.67 मीटर के जोरदार थ्रो के साथ, उन्होंने दोहा डायमंड लीग में अपना दबदबा बनाया और गौरव घर लाये। एक सच्चा चैंपियन जिसने देश को फिर से गौरवान्वित किया है। इस शानदार जीत के लिए बधाई नीरज! नीरज चोपड़ा ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए 88.67 मीटर थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग 2023 का



खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा का पहला थ्रो 88.67 था जो नए सीजन की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका था। उनका पहला थ्रो उनके लिए जीत पक्की करने के लिए काफी था लेकिन उन्होंने फिर भी आगे बढ़ने की कोशिश की। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 86.04 मीटर की दूरी का था। चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वडलेज्च (88.63 मीटर) और विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (85.88 मीटर) पर अपनी बढ़त बनाए रखी। नीरज के पास केवल चार सेंटीमीटर की बढ़त थी। अपने तीसरे प्रयास में नीरज ने 85.47 मीटर की दूरी से भाला फेंका। अपने पहले प्रयास से दूरी कम होने के बावजूद उन्होंने बढ़त बनाए रखी। नीरज ने चौथे प्रयास में फाउल किया। अपने दूसरे आखिरी प्रयास में उन्होंने 84.37 मीटर की दूरी को छुआ। दूसरी ओर, वाडलेज अभी भी अपने पांचवें प्रयास में चोपड़ा की दूरी (88.47 मीटर) को पार नहीं कर सके। एंडरसन पीटर्स अपने पांचवें प्रयास में पिछड़ गए क्योंकि उन्होंने 82.22 मीटर की दूरी दर्ज की। अंत में नीरज ने अपने पहले प्रयास में तय की गई दूरी से जीत हासिल की। हालांकि, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 मीटर के निशान को पार करने से चूक गए।

## गांगुली-विराट ने हाथ मिलाया

**दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग-16 का 50वां मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार रात दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (क्रष्टक्र) के बीच खेला गया, जिसे दिल्ली ने 7 विकेट से जीत लिया। इस मैच के बाद पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और सौरव गांगुली हाथ मिलाते दिखे। पहले दोनों में टकराव की खबरें आई थीं। मिचेल मार्श के लगातार 2 बॉल पर 2 विकेट और दिनेश कार्तिक के कैच ड्रॉप ने मुकाबले में रोमांच भरा, तो मोहम्मद सिराज और फिल सॉल्ट के बीच की बहस ने फैंस का ध्यान खींचा। साथ ही कोहली का होममैच से पहले कोहली अपने पहले कोच के पैर छूते नजर आए।

# आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से बाहर हुए दिल्ली के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में शनिवार शाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए हैं।दिल्ली ने एक अधिकारिक बयान में कहा कि निजी आपात स्थिति के कारण तेज गेंदबाज को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना पड़ा। वह शुक्रवार रात दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गए जिसके कारण वह शनिवार के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।दिल्ली कैपिटल्स के बयान में कहा गया है, निजी आपात स्थिति के कारण, दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे को शुक्रवार देर रात दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना पड़ा। वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आज शाम के मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। नार्ट्जे ने 100 टी20 मैचों में 19.97 की औसत और 7.38 की इकॉनमी रेट से 134 विकेट लिए हैं। प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 4/10 है। नॉर्ट्जे ने दिल्ली के लिए अब तक 33 आईपीएल मैचों में, 22.98 के औसत और 8.23 की इकॉनमी रेट से 3/33 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ 45 विकेट लिए हैं। दिल्ली के लिए उनका सबसे अच्छा सीजन 2020 में वापस आया, जिसमें उन्होंने 16 मैचों में 23.27 के औसत और 8.39 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# एशियाई चैंपियनशिप भारोत्तोलन: बिंदयारानी देवी ने जीता रजत पदक



**नई दिल्ली।** भारत की बिंदयारानी देवी ने शनिवार को दक्षिण कोरिया के जिंजू में एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदयारानी ने कुल 194 किग्रा (क्लीन 83 किग्रा जर्क 111 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता। उन्होंने चैंपियनशिप के इस संस्करण में भारत के लिए पदक तालिका की शुरुआत की थी। शुक्रवार को मीराबाई चानू 49 किग्रा वर्ग में छठे स्थान पर रही थीं। हालांकि, बिंदयारानी एक गैर-ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। चीनी ताइपे के चेन गुआन लिंग ने 204 किग्रा (90 किग्रा 114 किग्रा) के भार के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि वियतनाम की वो थी क्विन न्हु ने 192 किग्रा (88 किग्रा 104 किग्रा) भार के साथ कांस्य पदक जीता।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हुए के.एल.राहुल

भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने शुक्रवार को स्वयं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से बाहर कर दिया। मेडिकल टीम की सलाह पर उनकी जांघ की सर्जरी होगी। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल इस हफ्ते इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ लगी चोट के कारण अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं। जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत भी चोटों के कारण उपलब्ध नहीं हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के 'द ओवल% में खेला जाएगा। राहुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डाले गए बयान में कहा, 'बेहद निराश हूं कि अगले महीने टीम इंडिया के साथ द ओवल नहीं जा पाऊंगा। भारतीय टीम की जर्सी दोबारा पहनने और अपने देश की मदद करने के लिए जो कर सकता हूं वह करूंगा।

# आईपीएल दिल्ली के बल्लेबाजों ने दिखाया दम, बैंगलोर को 7 विकेट से दी मात

**नईदिल्ली।** आईपीएल 2023 के 50वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 7 विकेट से हरा दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के सामने जीत के लिए 182 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे मेजबान टीम ने 20 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए फिल सॉल्ट ने 87 रनों की शानदार पारी खेली, उन्हें ही मैन ऑफ द मैच चुना गया। 182 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। पहले विकेट के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर और फिल सॉल्ट ने 60 रन की साझेदारी की। इस जोड़ी को छठे ओवर की पहली गेंद पर हैजलवुड ने वार्नर (22 रन) को आउट कर तोड़ा। इसके बाद मिचेश मार्श ने



फिल सॉल्ट के साथ मिलकर 59 रन की पार्टनरशिप की। मार्श 17 गेंदों में 26 रन बनाकर हर्षल पटेल का शिकार बनें। जबकि दिल्ली को जीत की दहलीज पर लाकर फिल सॉल्ट कर्ण शर्मा की फिरकी में फंस गए। सॉल्ट ने 45 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। आखिर में राइली रूसो 35 रन और अक्षर पटेल 8 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 गेंद रहते 7 विकेट से इस मुकाबले को जीत लिया। आरसीबी के लिए जोश हैजलवुड, कर्ण शर्मा और हर्षल पटेल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बैंगलोर ने भी शानदार शुरुआत की। कप्तान फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को मिचेश मार्श ने डुप्लेसिस (45 रन) को आउट कर तोड़ा। मार्श ने इसकी अगली की गेंद पर मैक्सवेल को भी चलता किया। मैक्सवेल खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद कोहली ने महिपाल लार्मर के साथ मिल तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। बैंगलोर एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी तभी मुकेश कुमार ने कोहली को खलील के हाथों कैच आउट करा दिया। कोहली ने 55 रनों की पारी खेली। आईपीएल में कोहरी के बल्ले से यह 50वां अर्धशतक रहा। आखिर में लार्मर 54 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह बैंगलोर ने 181 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए मिचेश मार्श ने दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट मिला।

कोहली से विवाद के बाद नवीन उल-हक का नया पोस्ट

# लिखा- वैसा ही व्यवहार करें, जैसा अपने लिए चाहते हैं; गंभीर का कमेंट

लखनऊ सुपर जाएंट्स (स्स्त्र) के तेज गेंदबाज नवीन उल-हक ने टीम के मेंटॉर गौतम गंभीर के साथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उसके कैप्शन में लिखा, %लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप चाहते हैं कि वह भी आपके साथ उसी तरह व्यवहार करे। लोगों से उसी तरह से बात करें जैसे आप चाहते हैं कि वह आपके साथ करे। इस पोस्ट को सोशल मीडिया यूजर्स विराट कोहली पर तंज मान रहे हैं। पोस्?ट में नवीन ने गंभीर को सर्वकालिक महान (त.ह्न.ज्ञ) भी बताया।



इस पर गंभीर ने कमेंट करते हुए लिखा- जैसे हो वैसे ही रहो !! %कभी मत बदलो%। नवीन के कैप्शन से ऐसा लगा रहा है कि वह कोहली पर निशाना साध रहे हैं। वह यह बताना चाह रहे हैं कि कोहली ने जिस तरह बात की, नवीन ने भी वैसा ही जवाब दिया। तीसरी फोटो- विराट ने अपना जूता दिखाते हुए नवीन को कुछ इशारा किया। इसके बाद नवीन के साथ बल्लेबाजी कर रहे अमित मिश्रा ने विराट को समझाने की कोशिश की। इस पर विराट ने अमित मिश्रा के साथ भी बहस की। चौथी फोटो- मैच खत्म हुआ। विराट और नवीन ने हाथ मिलाया। यहां भी दोनों के बीच बहस हुई। नवीन ने विराट का हाथ झटक दिया। गंभीर और विराट जब हाथ मिला रहे थे, तब भी दोनों ने एक-दूसरे का हाथ झटक दिया था। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के इस सीजन का 51वां मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस (GT) और लखनऊ सुपरजाइंट्स (LSG) के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 3:30 बजे से शुरू होगा। थोड़ी देर में मैच का टॉस होने

## खुशबू वाली रोशनी



%अरे,मोनू बेटा, आज तो काफी शाम हो गई पर सैर में मजा आ गया।%,%हां, हां , शाम तो हो रही है, दादाजी पर कोई बात नहीं कल तो रविवार है दादाजी। ...अरे दादाजी, देखो ये कितने सारे भंवरे, तितली, मधुमक्खी हैं जो इस पौधे की तरफ आ रहे हैं।% मोनू ने कहा तो दादाजी हंसते हुए बोले कि ओहो ,मोनू ये,खुशबूदार पौधा है रात की रानी का। अच्छा,, रात की रानी मतलब रात को खिलने वाला फूल... और हां रात की रानी के फूल की खुशबू छोटे-छोटे कीट पतंगों, मधुमक्खियों व चिड़ियों को आकर्षित करती है, जो कि इसकी एक खास बात है, जो हर प्रकार के खुशबूदार और फूलों के पौधे के साथ होती है। %दादाजी देखो जैसै जैसे शाम और अधिक गहरी हो रही है, इसकी खुशबू और ज्यादा फैल रही है।%,%आओ मोनू अब बेफिक्र होकर रात की रानी के पौधे के फूल की खुशबू का आनंद लेना चाहिए।% दादाजी आपको इसके बारे में सब पता है। %अरे क्यों नहीं मोनू, बिलकुल, सब पता है। हमारे गांव वाले घर में तो ये फूल खिलते थे, सुबह हम उनको पानी में भिगोकर नहाते थे और हमको बहुत ताजगी मिलती थी। यही तो हमारा दिन भर का इत्र था। %वाह दादाजी तब तो एक गमले में हमको भी इसे अपने घर के पास लगाना चाहिए। क्योंकि इसके फूल की खुशबू हमारे घर के चारों और तथा हमारे दिमाग में भी एक प्यारा वातावरण बनाती है। इसे चमेली भी कहते हैं और चांदनी भी। देखो ये कैसे किसी बल्ब जैसे चमक रहे हैं।% दादाजी बोले-'मोनू बेटा, अंधेरे में भी यह सफेद रंग के फूल दूर से ही चमकते हैं और प्राकृतिक रोशनी का काम करते हैं।'

रात,को ऐसी मदमस्त खुशबू बिखेरते हैं कि इससे मच्छर तक भाग जाते हैं। अच्छा, दादाजी।% हां सच मोनू यह इतना शानदार फूल है कि मच्छर और हानिकारक पौधों को भगाने के लिए ,इसकी खुशबू बहुत दूर तक जाती है। देखो मोनू इसके ये छोटे-छोटे फूल गुच्छे में आते हैं तथा साथ में खिलते हैं, पर सवेरे सिकुड़ जाते हैं। यह पौधा बारह फुट तक हो सकता है। पत्तियां लंबी और चमकदार होती हैं। फूल हरा और सफेद होता है। मोनू बेटा ,इसके लाभ भी बहुत हैं। रात की रानी के फूल एक साल में पांच-छह बार आते हैं। इसका एक गुच्छा ही सात से दस दिन तक खुशबूदार वातावरण निर्मित कर देता है।

रात की रानी में गुण भी कम नहीं हैं। इसकी सुगंध से सरदर्द भी मिट जाता है व मानसिक तनाव हट जाता है। दांत के रोग में रातरानी के पौधे और पत्ते का रस भी बहुत ही फायदेमंद हो सकता है। यह सुगंध में सर्वोत्तम है। रात की रानी और चमेली के फूलों से महिलाएं गजरा बनाती हैं। इसे बालों में लगाने से महिलाओं का मन हमेशा प्रफुल्लित रहता है। इसके फूलों का इत्र भी बनता है। और तो और, किसी मरीज के कमरे में ये फूल रख दें तो उसका मन बहुत अच्छा रहता है और जल्दी ठीक होने में मदद भी मिलती है।

## ताकि बढ़ती उम्र में भी चुस्त-दुरुस्त रहे शरीर



40 साल की उम्र के बाद महिलाओं की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। अगर आप भी इस उम्र में कदम रखने जा रही हैं तो डाइट में बदलाव लाने जरूरी हैं। ऐसा करना न केवल आपको शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी डाइट प्लान में आहार आपकी मेडिकल कंडीशन पर आधारित होता है। कैलोरी आवश्यकताओं और पोषक तत्वों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। उन महिलाओं के लिए डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए, जानिये इसके बारे में।

भारत में महिलाएं पति, परिवार और बच्चों का जितना ध्यान रखती हैं, उसका एक प्रतिशत अपना ध्यान रखने की फुर्सत उन्हें नहीं मिलती। शुरुआत में तो इसका असर शरीर पर दिखाई नहीं देता, लेकिन 40 की उम्र पार करने के बाद शरीर काफी कमजोर हो जाता है। तब इस बात का अहसास होता है कि तब खुद पर ध्यान क्यों नहीं दिया। इस उम्र में महिलाओं को मेनोपॉज़ जैसी कई शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनका मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है, बुढ़ापे का अहसास होने लगता है और कई बीमारियों भी उन्हें घेर लेती हैं। इन समस्याओं से राहत पाने के लिए ही महिलाओं को 40 के बाद अपनी डाइट में बदलाव करने की जरूरत पड़ती है। उनके लिए डाइट ऐसी होनी चाहिए, जिसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, फाइबर आदि शामिल हों। इससे बढ़ती उम्र के साथ कमजोर हो रही मांसपेशियों को मजबूती मिलेगी वहीं रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी सुधार होगा।

40 की उम्र के बाद महिलाओं को सॉलिड शुगर और फैट आहार में शामिल करना चाहिए। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन 40 की उम्र में महिलाओं को कार्ब से 45-65 प्रतिशत कैलोरी और वसा से 20-35 प्रतिशत प्राप्त करने की सलाह देता है। जो 1500 कैलोरी खाने पर दिन में 169 से 244 ग्राम कार्ब और 33 से 58 ग्राम वसा के बराबर होती है।

ठोस कार्ब्स में साबुत अनाज, सब्जियां, मेवे, बीज, दूध, दही को चुनें और वसा में मछली, मेवे, बीज, एवोकैडो और जैतून का सेवन करें। 40 की उम्र के आसपास महिलाओं के लिए साबुत अनाज एक बढ़िया विकल्प है। यह बढ़ते हुए रक्तचाप और स्लो मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करने में मदद करता है। अनाज में सफेद ब्रेड और सफेद चावल को खाने से शरीर में अधिक फाइबर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। आहार में फाइबर शामिल करने से वजन बढ़ने से रोकने में मदद मिलती है। अध्ययनों से पता चला है, कि साबुत अनाज शरीर में पोटेशियम बनाए रखने में मदद करते हैं।

महिलाओं के लिए फाइबर का सेवन करना बहुत जरूरी है। इसे आप सलाद के रूप में ले सकते हैं। पालक, गाजर, खीरा, टमाटर, मूली, किशमिश, संतरे और स्ट्रॉबरी खाने से ज्यादा पोषण मिलता है। ये सभी पोषक तत्व फाइबर, पोटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी प्रदान करते हैं। यह त्वचा को टाइट रखने और यूवी किरणों से बचाने में भी मदद करते हैं। उम्र का यह पड़ाव पार करते ही महिलाओं को प्रोटीन युक्त आहार भी लेना चाहिए। हर दिन 46 ग्राम प्रोटीन युक्त आहार लेने से उम्र के साथ हो रहे बदलाव से लड़ने में मदद मिलती है। एग व्हाइट, सोया आइटम, मेवे, बीज व सब्जियां प्रोटीन युक्त आहार हैं।

# बंद नाक से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा फायदा



आजकल का मौसम कभी धूप तो कभी बरसात वाला हो रहा है। ऐसे बदलते मौसम में बंद नाक एक सामान्य समस्या है, जिससे ज्यादातर लोग जूझते हैं। हालांकि, इस समस्या से बचाव के लिए आप दवाइयों की जगह कुछ प्रभावी प्राकृतिक और घरेलू उपचार भी आजमा सकते हैं। चलिए फिर आज हम आपको बंद नाक से राहत पाने के लिए 5 असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं। अदरक की चाय या सिकाईबंद नाक की समस्या से बचाव के लिए अदरक की चाय का सेवन एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। इसके अलावा आप इसे कंप्रेसर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कंप्रेशन के लिए 2 कप पानी में अदरक के कुछ टुकड़ों को डालकर उबालें और फिर उस पानी में एक ताजा कपड़ा भिगोकर उसे लगभग 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर रखें। अब कपड़े के माध्यम से सांस लेने की कोशिश करें। इससे आपकी बंद नाक खुल जाएगी। गर्म पानी के साथ सेब के सिरके का करें सेवन सेब का सिरका एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह आपको भरी और बंद हुई नाक से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसमें पोटैशियम भी होता है, जो बलगम को पतला बनाता है और उसे बाहर निकालने में मदद करता है। लाभ के लिए गर्म पानी में 2 बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाएं और फिर दिन में 3 बार इसका सेवन करें। बेहतर स्वाद के लिए आप इसमें 1 बड़ी चम्मच शहद मिला सकते हैं। भाप के लिए गुनगुने पानी से नहाएंबंद नाक की समस्या से राहत पाने के लिए गर्म पानी से नहाना बहुत प्रभावी होता है। जब आप नहाते समय गर्म पानी का भाप लेते हैं तो इससे आपकी नाक में दर्द और बेचैनी कम होती है, जिससे आपको बंद नाक से राहत मिलती है। इसके अलावा आप एक कटोरी गर्म पानी से भाप भी ले सकते हैं। यह तरीका भी बंद नाक का इलाज करने में मददगार है। इन दोनों गतिविधियों को दिन में कई बार करें। हवा नम करने के लिए ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमालआसपास की हवा में नमी जोडने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जाता है। इससे आपको बेहतर सांस लेने में मदद मिलती है। इस कारण बंद नाक से बचाव के लिए आपको ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, इसका उपयोग करते वक्त सुरक्षा का ध्यान जरूर रखें। घर में ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से बंद नाक के अलावा ये 5 अन्य फायदे भी मिलते हैं। इस तरह रखें सोने की मुद्राजब आप सोते हैं तो नाक में जकडन् या रुकावट बढ़ जाती है और ऐसा आसन यानी आपके सोने की मुद्रा के कारण होता है। इस कारण हमेशा अपने सिर के नीचे एक अतिरिक्त तकिया रखें ताकि आपका सिर थोड़ा ऊपर उठे और बलगम नाक में वापस न जाए। इसके अलावा आप बेहतर तरीके से सांस लेने के लिए अपनी नाक के पास कुछ पेपरमिंट तेल लगा सकते हैं। बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए सोने की ये मुद्राएं भी अच्छी हैं।

## ताकि हमेशा चमकता रहे फर्नीचर



त्योहारी मौसम शुरू हो चुका है। दीवाली की तैयारियां जारी हैं जिनमें घर की सफाई, पेंटिंग व डिकलटरिंग भी शामिल है। घर में रखे फर्नीचर की भी झाड़-पौंछ की जाती है, जरूरी हो पॉलिश या पेंटिंग भी। दरअसल, क्लीनिंग के बहाने घरों में मौजूद कीमती फर्नीचर की सही देखभाल व संभाल हो जाती है। हालांकि फर्नीचर को आकर्षक व मजबूत बनाये रखने के लिए सालभर ही खास ध्यान रखना जरूरी है। इसके जरिए आप लंबे समय तक फर्नीचर को चमकदार और टिकाऊ बनाए रख सकते हैं। यूं भी चमकता फर्नीचर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचता है। जानिये इसी बारे में कुछ टिप्स। घरेलू फर्नीचर को साफ करते समय कपड़े को पॉलिश में डुबोकर ही साफ करना चाहिए। फर्नीचर पर जमी धूल मिट्टी को पहले किसी सूखे कपड़े से झाड़ लें क्योंकि धूल-मिट्टी से फर्नीचर पर खरोंचें लग जाती हैं। जब भी फर्नीचर को साफ करें तो हमेशा साफ और मुलायम कपड़े से साफ करना चाहिए। फर्नीचर साफ करने के लिए कभी भी साबुन का पानी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे फर्नीचर की चमक फीकी पड़ जाती है और पानी से उस पर दाग-धब्बे भी लग जाते हैं। फर्नीचर को भी सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाना चाहिए, क्योंकि ये किरणें फर्नीचर की चमक खराब कर देती हैं। इसलिए फर्नीचर को कमरे में उस जगह रखना चाहिए, जहां उस पर सीधी धूप न पड़े। सीधी धूप आ रही हो तो पर्दे लगा देने चाहिए। फर्नीचर को स्थाई या फिक्स करके न रखें। समय-समय पर कमरे की साज-सज्जा के साथ-साथ फर्नीचर की भी दिशा और जगह बदलते रहें। इससे किसी नये दाग-धब्बे या खरोंच आदि का भी पता चल जाता है। इससे फर्नीचर का आकर्षण भी बना रहेगा। ध्यान रखिए तरल पदार्थ गिरने से फर्नीचर खराब हो जाता है। शराब, बीयर या अन्य पेय पदार्थ परोसते समय नीचे पैड जरूर रखें। अधिक गरमी से फर्नीचर में रासायनिक प्रक्रिया होने लगती है। उस पर सफेद धब्बे पड़ने लगते हैं। इसलिए फर्नीचर में सीधे कोई गरम पॉट न रखें। नीचे सुरक्षा पैड जरूर रखें। अधिक नमी वाले मौसम में लकड़ी का फर्नीचर फूल जाता है। जबकि नमी कम होने पर लकड़ी ढीली होकर सिकुड़ जाती है। मौसम के बदलने से फर्नीचर में दरारें भी पड़ जाती है। इसलिए फर्नीचर को हमेशा अच्छी क्वालिटी की पॉलिश करवानी चाहिए। फर्नीचर में हमेशा एक ही पॉलिश करना चाहिए, वरना उसका रंग खराब हो जाता है। डस्टिंग करने वाले कपड़े को धोते रहें या बदलते रहें। अधिक मैले धूल युक्त कपड़े से डस्टिंग से फर्नीचर पर खरोंचें पड़ जाती हैं। हमें समय-समय पर अपने फर्नीचर पर कभी-कभार स्प्रे भी करवाते रहना चाहिए। इन छोटे-छोटे उपायों को अपनाकर आप अपने घरेलू फर्नीचरों की उम्र बढ़ा सकते हैं।

## ऐसा हो माहौल न निकलें झूठ के बोल



कहां से सीखा है झूठ बोलना? झूठ बोलने पर हर घर में, हर बच्चे का सामना इस सवाल से होता ही है। साथ ही यह प्रश्न अभिभावकों की नाराजगी और हैरानी दोनों लिये होता है। बच्चे का सच बोलने के बजाय बातें बनाना पेरेंट्स को दुखी भी करता है और चिंतित भी। साथ ही यह उलझन भी बढ़ जाती है कि बच्चा यह सीख कहां से रहा है? ऐसे में एक ताज़ा रिसर्च बड़ों का सच से सामना भी करवाती है और सचेत भी करती है। हाल ही में पोलैंड और कनाडा के शोधकर्ताओं ने पाया कि बच्चों की झूठ बोलने की आदत और बड़ों के बर्ताव का गहरा संबंध है। आमतौर पर अभिभावक बच्चों से हर बात में %हां% ही सुनना चाहते हैं। ऐसा न होने पर कभी सख्ती बरती जाती है तो कभी सजा बच्चों के हिस्से आती है। ऐसे में बच्चे पेरेंट्स को खुश करने के लिए भी झूठ बोलने लगते हैं। जरूरी है कि बचपन से जड़ें जमा लेने वाली इस गलत आदत को लेकर सोचा जाए। ताकि बच्चे सहज रूप से सच कह सकें।

बच्चे ज़्यादातर उस परिस्थिति में झूठ बोलते हैं, जब कोई गलती हो जाती है। कभी सजा से बचने के लिए तो कभी कोई बात छुपाने के लिए। आमतौर पर बालमन के इस दुराव-छिपाव के पीछे अभिभावकों की सख्ती का डर होता है। इतना ही नहीं, बच्चे जानते हैं कि उनकी गलती पकड़ी गई तो अनगिनत हिदायतें और बंधन लगा दिये जाएंगे। जैसे किसी दोस्त के घर में बच्चे के हाथ से कुछ टूट-फूट गया तो आगे से किसी के घर न जाने की हिदायत। बच्चों के मन पर ऐसी पाबंदी गहरा असर डालती है। इसीलिए उनसे सच सुनने के लिए पेरेंट्स को संतुलित रवैया अपनाना होगा। बच्चों को भरोसा हो कि आप उन्हें %जज% करने के बजाय उसकी उलझन या गलती को समझेंगे। साथ ही हिदायतें देने के बजाय सही हल भी सुझाएंगे। घर के बड़े सदस्यों के बर्ताव का बच्चों के व्यवहार पर गहरा असर पड़ता है। अगर वे बात-बात में बड़ों को झूठ बोलते हुए देखते-सुनते हैं तो यह उनके लिए सहज सी बात हो जाती है। अध्ययन बताते हैं कि किसी परिस्थिति या आपसी संवाद के दौरान जाहिर की गई माता-पिता की प्रतिक्रियाओं से भी बच्चे सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करना सीख जाते हैं।

## कुदरत के आंगन में संवारें बचपन

प्रकृति के रंग, मन में भरें तरंग। अभिभावक होने के नाते मंथन कीजिए कि घर-परिवार के बाल-गोपालों की नेचर वॉक का ग्राफ क्या कहता है। ग्राफ में निरी शून्यता, उपेक्षा के मारे, बच्चे बेचारे। ऐसा क्यों भला, दरअसल, कारणों की कमी नहीं। सबसे बड़ा कारण यह कि प्रकृति के करीब जाने की ज़रूरत ही नहीं समझी गई। लेकिन बेहतर यह है कि बच्चों को केवल कुदरत की महिमा के गीत ही नहीं सुनाये जायें, बल्कि बच्चों को उसकी गोद तक पहुंचाया जाये। एक बार अपना बचपन याद कीजिए, स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि प्रकृति से जुड़कर आप कितने आनन्दित थे। याद कीजिए, कभी आपने मन ही मन कहा होगा, %अहा! लहलहाते पेड़, पेड़ों पर झूला झूलते पंछी, रेत में नहाती चिड़ियां, कलकल झरने, गतिशीलता सूचक नदियां, सबका जीवनदाता बादल, उड़ारी भरते परिंदे, चांद की चांदनी, सूरज की लालिमा, बूंदों की रिमझिम, पहाड़ की ऊंचाई, समंदर की गहराई सबके सब प्रसाद-सा बांटते हैं। कोई मोल न तोल। मन के चक्षु तृप्त हुए। वास्तव में, आपके बच्चे भी इस आनन्द के हकदार हैं। व्यस्ततम पलों से कुछ पल निकालकर उन्हें ले जाइये आस-पास के बाग-बगीचों-पार्कों में,जोहड़-तालाबों के किनारे। यदि नदी, पहाड़, समुद्र या रेगिस्तानी क्षेत्रों की सैर करवा दी तो कहना ही क्या। उन्हें जी भरकर देखने दीजिये कुदरत के जीवंत नजारे। एक-एक जीव के मुग्ध करने वाले क्रियाकलाप,पशु-पक्षियों का अपने शावकों को दुलारना, उनको आगामी जीवन के लिए प्रशिक्षण देना, गलती करने पर दुत्कारा जाना आदि।

# पीरियड्स की ऐंठन को दूर करने में मदद कर सकती हैं ये 5 सोने की मुद्रा



पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिससे हर महिला को गुजरना पड़ता है। यह कभी-कभी बहुत कष्टदायक साबित होते हैं और इस दौरान महिलाओं को पेट में दर्द और ऐंठन जैसी समस्याओं के साथ-साथ मानसिक बदलावों का भी सामना करना पड़ता है। हालांकि, जब पीरियड की ऐंठन को कम करने की बात आती है तो रात की अच्छी नींद लेना गेम-चेंजर हो सकता है। आइए आज हम आपको पीरियड्स की ऐंठन को कम करने वाली 5 सोने की मुद्रा बताते हैं। भ्रूण की स्थिति में सोनाअमूमन महिलाएं पीरियड्स की ऐंठन से राहत पाने के लिए अक्सर दर्द निवारक दवाइयां लेती हैं। हालांकि, इससे उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसकी बजाय भ्रूण की अवस्था में सोना बेहतर हो सकता है। इसके लिए अपने घुटनों को अपनी छाती की तरफ घुमाएं। इससे पेट की मांसपेशियों पर दबाव कम पड़ता है और ऐंठन कम होने लगती है। इसी तरह इस अवस्था में सोने से नींद भी बहुत अच्छी आती है। पेट के बल सोनायह स्थिति त्वचा के लिए अच्छी नहीं मानी जाती है, लेकिन पीरियड्स की ऐंठन को दूर करने के लिए यह सबसे अच्छी अवस्था है। बेहतर होगा कि आप इसके लिए अपने कमर वाली जगह से थोड़ा नीचे की ओर ओर एक तकिया लगाकर फिर पेट के बल सोएं। इससे गर्भाशय पर दबाव कम पड़ेगा और पेट की ऐंठन को कम करने में भी मदद मिल सकती है। ये 5 चाय भी पीरियड्स के दर्द से छुटकारा दिला सकती हैं। घुटनों के नीचे तकिया लगाकर अपनी पीठ के बल सोएंयदि आप अपने घुटनों के नीचे तकिया रखते हैं तो आपके लिए पीठ के बल सोना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो पीरियड्स के दौरान पीठ और पेट पर पडने वाले खिंचाव को कम करने में मदद करता है। हालांकि, अगर आपको इस अवस्था में सोने से पीठ या पेट पर अधिक खिंचाव महसूस हो तो इस स्थिति में सोने से बचें। इसकी बजाय अपनी पीठ के नीचे तकिया रखकर सोएं। पीठ के बल सोएंबेशक पीठ के बल सोने से आपको थोड़ी परेशानी हो, लेकिन इस मुद्रा में सोने से न सिर्फ पीरियड्स की ऐंठन कम होगी, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ मिलेंगे। पीठ के बल सोने पर रीढ़ की हड्डी का सपोर्ट मिलता है और गले में दर्द नहीं होता। इस मुद्रा में सोने से पाचन भी अच्छा रहता है। इसके अलावा ऐसे सोने से त्वचा संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। पीरियड्स के दौरान त्वचा का ऐसे ध्यान रखें। सही होना चाहिए सोने का वातावरणअपनी नींद की स्थिति को बदलने के अलावा अपने सोने के वातावरण को ठीक करने से भी पीरियड्स की ऐंठन को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए अपने बेडरूम को ठंडा रखें, आरामदायक बिस्तर का उपयोग करें और अच्छा वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। ये सभी चीजें रात की बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद कर सकती हैं। इससे आपको ऐंठन से राहत मिलने के साथ मानसिक शांति भी मिलेगी।

# रात्रिकालीन साफ-सफाई के निरीक्षण के लिये साइकिल से निकलेंगे कलेक्टर

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में रात्रिकालीन स्वच्छता गतिविधियों के निरीक्षण के लिये कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह अन्य अधिकारियों के साथ साइकिलों से शहर के विभिन्न बाजारों व व्यस्ततम मार्गों का निरीक्षण करने पहुँचेंगे। इस दौरान ग्वालियर शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिये शहरवासियों को प्रेरित करने का काम भी होगा। कलेक्टर ने इस सिलसिले में सोमवार को विषय विशेषज्ञों व विभिन्न अधिकारियों की संयुक्त बैठक में शहर की स्वच्छता की रणनीति पर विस्तृत विचार मंथन किया। साथ ही कहा ग्वालियर में साझा प्रयासों से जल्द ही स्वच्छता की ब?ी मुहिम शुरू की जायेगी। कलेक्टर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता



समृद्धि लाती है और हमारे जीवंत होने का अभिप्राय भी प्रमाणित करती है। इसलिये सभी अधिकारी शहर को स्वच्छ बनाने में अपना भरपूर योगदान दें। उन्होंने शहर के नागरिकों व विभिन्न सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपील की है कि इस मुहिम में अपनत्व भाव से जु?कर ग्वालियर को नम्बर-1 शहर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा स्वच्छ ग्वालियर-स्वस्थ ग्वालियर अब हम सभी का सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए। पेशे से एमबीबीएस डॉक्टर पर हर समय स्वच्छता व वृक्षारोपण के जुनून में डूबे रहने वाले डॉ. देवेन्द्र दांगी भी ग्वालियर शहर की स्वच्छता में योगदान देंगे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के आग्रह पर शिवपुरी निवासी डॉ. दांगी ग्वालियर में स्वच्छता को जन आंदोलन को बनाने के लिये आगे आए हैं। अथ युवा फाउण्डेशन के संस्थापक डॉ. दांगी स्वच्छता चौपाल, स्वच्छता माइंड सेट और युवा संवाद जैसे प्रगतिशील माध्यमों से जन अभियान और जन चेतना के कार्य में जुटे हैं। कलेक्टर सिंह ने डॉ. देवेन्द्र दांगी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दीपक पाण्डेय व उप वन मण्डलाधिकारी राजीव कौशल को शामिल कर एक टीम गठित की है जो शहर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण व स्वच्छता गतिविधियों को अंजाम देगी। बैठक में अपर कलेक्टर एच बी शर्मा, जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



पुष्पांजली टुडे

युवा नेता पंकज ठाकुर ने अपने युवा साथी सुभाष कश्यप, मानवेंद्र सिकरवार, रमन परमार, विकास कुशवाह आदि साथियों के साथ आम आदमी पार्टी में सदस्यता ग्रहण की, ग्वालियर प्रथम आगमन पर रानी अग्रवाल द्वारा सदस्यता ग्रहण करवाई गई।



## निगमायुक्त ने किया एलएनआईपीई में समर कैंप का शुभारंभ, स्वच्छता की दिलाई शपथ

**ग्वालियर।** लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शासकीय शिक्षण संस्थान ग्वालियर में आयोजित समर कैम्प का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शासकीय शिक्षण संस्थान ग्वालियर के कुलपति विवेक पाण्डे ने नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। समारोह में निगमायुक्त ने समर कैम्प में मौजूद खिलाडियों एवं लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शासकीय शिक्षण संस्थान ग्वालियर के कोचों सहित अन्य स्टॉफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के बारे में बताया। निगमायुक्त हर्ष सिंह ने तानसेन नगर स्थित नगर निगम के डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर को चैक किया साथ ही वाहनों के डिपां से निकलने के समय आदि की जांच की। इसके बाद उन्होंने कांचमील पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क में घूमने के लिए आने वाले आमजनों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इसके बाद कांचमील स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद सागरताल में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद किलागेट से सेवानगर तक निर्माणधीन सडक का निरीक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सरकारी संस्थानों में जुड़ेंगे विकास के बड़े-बड़े आयामः संभाग आयुक्त

**ग्वालियर।** जीआर मेडलकल कॉलेज के डॉ. भगवत सहाय सभागार का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण तथा जेएएच परिसर में रीक्रिएशन सेंटर का निर्माण होने जा रहा है। इसी तरह ग्वालियर विकास प्राधिकरण, नगर एवं ग्राम निवेश व नगरीय प्रशासन विभाग के लिये संयुक्त भवन (कम्पोजिट बिल्डिंग) और आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय में शवच्छेदन कक्ष




(डिसेक्शन हॉल) व कैन्टीन का निर्माण होगा। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर शहर में स्थित विभिन्न शासकीय संस्थानों में जुड़ने जा रहे विकास के इन आयामों के लिये तैयार की गई ड्राइंग डिजाइन व कार्ययोजना का विस्तृत प्रजेण्टेशन देखा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यों की टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द से जल्द धरातल पर लाएँ। सोमवार को यहाँ संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में संभागीय आयुक्त सिंह ने जीआर मेडीकल कॉलेज के ऑडिटोरियम (डॉ. भगवत सहाय सभागार) के जीर्णोद्धार और जेएएच के रीक्रिएशन सेंटर के टेण्डर की कार्रवाई अगले सोमवार तक करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लगभग साड़े 10 करोड़ की लागत से डॉ. भगवत सहाय सभागार का जीर्णोद्धार होगा। इसी तरह लगभग साड़े 5 करोड़ रूपए की लागत से रीक्रिएशन सेंटर का निर्माण होने जा रहा है। रीक्रिएशन सेंटर में ओपन एयर थियेटर, लॉन टेनिस मैदान, इनडोर बैडमिंटन व टेबल टेनिस कोर्ट, गार्डन व लॉन इत्यादि कार्य कराए जायेंगे। संभाग आयुक्त सिंह ने जीडीए एवं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग की कम्पोजिट बिल्डिंग के प्लान में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय के समीप बनने जा रहे 5 मंजिला इस भवन के विभिन्न तलों पर जगह के मुताबिक कॉन्फ्रेंस हॉल का प्रावधान करें। साथ ही पार्किंग की भी बेहतर से बेहतर व्यवस्था का प्रावधान किया जाए। उन्होंने एक हफ्ते में इस प्लान को अंतिम रूप देने के निर्देश कंसलटेंस एजेंसी को दिए। ज्ञात हो इस भवन के निर्माण के लिये लगभग 15 करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर हुई है। आयुर्वेदिक कॉलेज के डिसेक्शन हॉल व कैन्टीन का निर्माण लगभग सवा करोड़ रूपए की लागत से होने जा रहा है। संभाग आयुक्त सिंह ने इस प्रकार से इन भवनों का निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे जरूरत होने पर भवन के ऊपर दूसरी व तीसरी मंजिल बनाई जा सके। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने बैठक में संयुक्त संचालक नगर व ग्राम निवेश को निर्देश दिए कि नए मास्टर प्लान के अनुसार ग्वालियर शहर में सीमा चिन्ह लगाने का काम प्रमुखता से किया जाए। बैठक में सिरोल-डोंगरपुर नगर विकास योजना एवं स्कूल शिक्षा विभाग का प्रजेण्टेशन की प्रस्तुति भी हुई। इस अवसर पर उप आयुक्त राजस्व प्रदीप कुमार शर्मा एवं संयुक्त संचालक नगर व ग्राम निवेश बी के शर्मा सहित तकनीकी अधिकारी मौजूद थे।

## समर कैंप में हो रहा बच्चों का सर्वांगीण विकास




**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। जिले के 8 सीएम राइस शासकीय विद्यालयों में निजी विद्यालयों की तर्ज पर ग्रीष्म कालीन छुट्टियों में छात्रों के लिए 13 मई 2023 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस समर कैंप में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसमें योग,प्राणायाम, ध्यान, खेल, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, पेंटिंग कहानी और कविता लेखन के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन के सर्वांगीण विकास भी किया जा रहा है। जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर द्वारा विकासखंड योग प्रभारियों और अपनी टीम के साथ समर कैंप द्वारा समर कैंप की गतिविधियों में रुचि लेकर बड़ी लगन के साथ योगाभ्यास और ध्यान जैसी गतिविधियों के माध्यम से कैंप का संचालन किया जा रहा है। जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर तथा गोविंद मेहरोत्रा आज ग्वालियर जिले के सीएम राइस विद्यालय पटेल और कुलैथ गए तथा तथा बच्चों को योगाभ्यास एवं डॉक्टर बिंदु सिंघल, रंजना मिश्रा द्वारा ध्यान कराया। इस अवसर पर कुलैथ के प्राचार्य संजीव शर्मा, शलभ श्रीवास्तव,पटेल की उपप्राचार्य सरिता सिंह, अनंत पांडे,सुधीर सिंह, अनीता शर्मा तथा योग क्लब प्रभारी रवि प्रताप सिंह, नरेंद्र दांतरे आदि उपस्थित थे। बच्चों का मनोरंजन के साथ सर्वांगीण विकास उद्देश्य जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार के निर्देशानुसार इन विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर सुबह के समय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में नियुक्त प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के द्वारा छात्र-छात्राओं में रचनात्मक क्रियाशीलता की भावना उत्पन्ना की जा रही है। श्री कटियार ने बताया कि समर कैंप की गतिविधियों में छात्र-छात्राएं ब? ही उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं और अपना मनोरंजन कर रहे हैं। समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन करने के साथ ही साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। जिससे वे विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में दक्ष हो सकें।

## भाजपा नेता की कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी, छात्र की मौत



दतिया से ग्वालियर अपनी मौसी से मिलने आ रहे 15 वर्षीय छात्र को रास्ते में ही मौत ने आ घेरा। जिस ई-रिक्शा में वह सवार था उसमें एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्र उछलकर सिर के बल कार के बोनट से जा टकराया। आरोपी वाहन चालक अपनी कार लेकर भाग गया। घायल छात्र ने वहीं त?पते हुए दम तो? दिया। कार किसी भाजपा नेता की थी, क्योंकि घटना स्थल पर एक रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट टूटी मिली है जिस पर कमल का फूल छपा है। घटना रविवार-सोमवार दरमियानी रात लक्ष्मणपुरा प्रहलाद होटल के सामने हुई है। हादसे में ई-रिक्शा चालक भी घायल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाने के बाद मामला दर्ज कर लिया है। दतिया निवासी 15 वर्षीय शिवम पुत्र शत्रुघन परिहार 9वीं कक्षा का छात्र है। रविवार रात वह अपनी मौसी के घर आ रहा था। ग्वालियर स्टेशन पर देर रात ट्रेन से उतरने के बाद वह ई-रिक्शा में सवार हुआ और मौसी के घर के लिए रवाना हुआ। अभी वह लक्ष्मणपुरा स्थित होटल प्रहलाद के सामने पहुंचा ही था कि तभी तेज रफ्तार आ रही कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे बैठा छात्र हवा में उछला और कार से जा टकराया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपने वाहन को भगा ले गया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मृतक छात्र का शव पीएम हाउस भेजकर घायल चालक को उपचार के लिए पहुंचाकर अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस को घटना स्थल पर एक कार की टूटी हुई नंबर प्लेट मिली है, जिस पर कमल का फूल बना हुआ है और उसका नंबर एमपी 07 6190 है। बीच की सीरीज का सी तो समझ में आ रहा है, लेकिन उसके बाद डी है या बी यह समझ नहीं आ रहा है।

## अपर आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के शिविरों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आमनागरिकों की समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा 5 से 12 मई तक विभिन्न क्षेत्रों में केम्प का आयोजन किया जा रहा है। केंपों में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 ठाठीपुर पानी की टंकी, क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 12 राजपायगा रोड नया बाजार, क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक13 निगम संग्रहालय मोती महल, क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 14 शारदा विहार पानी की टंकी पर आयोजित मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविरों का निरीक्षण किया तथा शिविर में आने वाले हितग्राहियों के आवेदन भी देखें एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के शिविर में जो भी आवेदन आए उनका पंजीकरण कर संबंधित विभाग के माध्यम से शीघ्र उसका निराकरण कराया जाए।उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। आज शिविर के दौरान 58 आवेदन विभिन्न विभागों के प्राप्त हुए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डॉक्टर प्रदीप श्रीवास्तव, सोहन मुसलगांवकर सहित अधिकारी उपस्थित रहे।



## ग्वालियर-भिण्ड स्पेशल मेमो रेक से संचालित करने की योजना अगले आदेश तक स्थगित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर ।** रेल प्रशासन द्वारा यह सूचित किया जाता है, कि गाड़ी संख्या 01887 / 01888 ग्वालियर - इटावा स्पेशल एवं गाड़ी संख्या 01889/01890 ग्वालियर भिंड स्पेशल मेमू रेक से संचालित करने की योजना को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है । अतः उपरोक्त दोनों ग्वालियर से इटावा एवं ग्वालियर से भिंड स्पेशल गाड़ियां संचालन पहले की तरह पारंपरिक रेक से ही से किया जा रहा है ।



## वेस्ट टू आर्ट से बनाई सुंदर कलाकृतियां



**ग्वालियर।** शहर से निकलने वाले हानिकारक कचरे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से स्वयं सहायता समूहों द्वारा सुंदर कलाकृति तैयार की जा रही हैं। इससे एक ओर जहां घरों से निकलने वाला कचरा कम हो रहा है वहीं दूसरी ओर कचरे का भी सद्पयोग कर सुंदर कलाकृति तैयार हो रही हैं। नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह के निर्देश पर उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल ने मृगनयनी स्वः सहायता समूह के सदस्यों के साथ मिलकर वेस्ट टू आर्ट, वेस्ट टू वंडर थीम पर लोगों को घरों से निकलने वाले कचरे के सद्पयोग के लिए प्रेरित किया है। स्वः सहायता समूह के सदस्यों द्वारा वार्ड क्रमांक 52 स्थित बेटी बचाओ चौराहे के पास सुंदर कलाकृतियां तैयार की जा रही हैं। इसके चलते घरों से निकलने वाली सिंगल यूज पानी की बोतल, कांच के बेकार आइटम आदि का बेहतर उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही गोल पहाडिया क्षेत्र में 3आर मार्ट के तहत फिर एक प्रयास संस्था के सहयोग से निशुल्क पुस्कालय प्रांरभ किया जा रहा है। जहां आमजन को कई प्रकार की पुस्तकें निशुल्क पढने को मिलेंगी।

VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
MEHGAON, BHIND
कौशल | वन्दन
वेदांत (प्रा.) I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7694927881, 7999312951
भिण्ड रोड, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478